www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

16 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 327


राजद और कांग्रेस से बिहार के सम्मान-पहचान को खतरा : मोदी




SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


# झारखंड का 'अभिशाप' ढेर

## एक करोड़ का इनामी नक्सली सहदेव सोरेन समेत तीन मारे गये

■ हजारीबाग के गोरहर में पुलिस और कोबरा बटालियन के साथ नक्सलियों की हुई मुठभेड़

■ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पुत्र-भाई सहित 20 लोगों की हत्या में था शामिल

● 25 लाख का इनामी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ शिबू मांझी उर्फ निर्भय उर्फ बिरसेन उर्फ चंचल और 10 लाख का इनामी है बिरसेन गंझू उर्फ खेलावन गंझू उर्फ रामखेलावन उर्फ छोटा बिरसेन है

दीपक/अनिल

**हजारीबाग/बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र स्थित पातीतिरी गांव में सोमवार सुबह झारखंड पुलिस और कोबरा बटालियन के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। पुलिस और कोबरा बटालियन के जवानों ने तीन इनामी नक्सली को मार गिराया। उनकी पहचान भाकपा माओवादी केंद्रीय कमेटी का सदस्य व एक करोड़ का इनामी प्रवेश दा उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ कमलेश उर्फ अमलेश उर्फ अनुज, 25 लाख का इनामी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ शिबू मांझी उर्फ निर्भय उर्फ बिरसेन उर्फ चंचल और 10 लाख का इनामी बिरसेन गंझू उर्फ खेलावन गंझू उर्फ रामखेलावन उर्फ छोटा बिरसेन के रूप में हुई है।

मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें तीनों नक्सलियों के शव बरामद हुए। सुरक्षाबलों ने मौके से हथियार भी बरामद किया है। इसे हजारीबाग पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कार्रवाई के बाद हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन, एसडीपीओ प्रशांत कुमार, प्रशिक्षु आइपीएस श्रुति, सदर एसडीपीओ अमित आनंद, बरही एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, एसडीओ जोहन टुडू, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, गोरहर थाना प्रभारी नितिश कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के दो जवान अजय भौमिक और सुब्रतो विश्वास घायल हो गये। दोनों घायल जवानों को अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग लाया गया जहां दोनों खतरे से बाहर हैं।

**दो दशकों से झारखंड-बिहार में सक्रिय था :** प्रवेश दा उर्फ सहदेव सोरेन विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के मंडारी गांव का रहने वाला था। वह दो दशकों से झारखंड और बिहार में सक्रिय था। मुख्य रूप से उसकी सक्रियता झारखंड के बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह और बिहार के जमुई, मुंगेर, लखीसराय और बांका क्षेत्र में थी। उसने गिरिडीह जिला अंतर्गत देवरी थाना के चिलखारी गांव में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पुत्र और भाई सहित 20 लोगों की हत्या की थी। वर्ष 2006 में उसने बांका जिला अंतर्गत सेखर थाना पर आक्रमण कर हथियार लूटे। उसने मुंगेर जिला ऋषिकुंड पर्यटन स्थल में चार सैप जवानों की हत्या कर हथियार लूट लिये थे। उसने गिरिडीह जिला के पचंबा में होमगार्ड कैंप पर हमला कर 183 राइफल लूटे थे। इसके अलावा उसने लखीसराय जिला में 10 पुलिसकर्मियों को मार कर 35 हथियार लूटे थे। उसने जमालपुर और रतनपुर मुंगेर के बीच इंटरसिटी ट्रेन में हमला कर तीन सरकारी रेल पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। इनके अलावा भी उसने कई अन्य वारदात को अंजाम दिया था। उस पर एक करोड़ का इनाम था।

**शिबू मांझी पर 58 मामले दर्ज थे:** रघुनाथ हेंब्रम उर्फ शिबू मांझी पर सरकार ने 25 लाख का इनाम घोषित किया था। वह डुमरी थाना क्षेत्र के जरीडीह, जिला-गिरिडीह का रहने वाला था। उसके विरुद्ध 58 मामले दर्ज थे। उसने झुमरा पहाड़ पर चुनाव कराने जा रहे बीएसएफ की गाड़ी को विस्फोट कर उड़ाया था, जिसमें कई जवान शहीद हुए थे। वह बोकारो जिला के ग्राम चतरो चट्टी के पुलिस शिविर को उड़ाने की घटना में भी शामिल था। इनके अलावा भी उसने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था।

**बिरसेन गंझु पर 36 मामले थे दर्ज :** बिरसेन गंझू उर्फ खेलावन गंझू पर 10 लाख का इनाम घोषित था। वह ग्राम बकचुंबा थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग का रहने वाला था। उस पर 36 मामले दर्ज थे। सारंडा से वापस आते समय तैमारा घाटी में पुलिस के साथ मुठभेड़ की घटना के अलावा राजडेरवा मुठभेड़, डाकासाढ़ोम मुठभेड़ और धमधड़वा मुठभेड़ में वह शामिल था।



मारे गये नक्सलियों के बारे में जानकारी देते डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ अन्य पदाधिकारी और जवान।

### खून का बदला खून से लिया: डीजीपी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पुलिस और कोबरा के जवानों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें माओवादी के केंद्रीय कमेटी सदस्य परवेश दा, रघुनाथ हेंब्रम और वीरसेन गंझू शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी नक्सली पुलिस के डर से छिपे थे। गुप्त सूचना के अधार पर रातभर पुलिस ने ऑपरेशन की योजना बनायी। इसके बाद सुबह लगभग साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक मुठभेड़ कर तीनों नक्सलियों को मार गिराया। इस पूरे ऑपरेशन में कोबरा के दो जवान भी घायल हुए हैं, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। डीजीपी ने बताया कि इस वर्ष 29 उग्रवादी मुठभेड़ में मारे गये हैं। जो बचे हैं वो सरेंडर कर दें, नहीं तो मुठभेड़ के शिकार होंगे। इस मौके पर आइजी एस माइकल राज, एसटीएफ आइजी अनूप बिरथरे, आइजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन, गिरिडीह एसपी विमल कुमार, कोबरा बटालियन कमांडेंट दीपक भाटी समेत जिला के सभी पुलिस पदाधिकारी और सीआरपीएफ कोबरा के पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

### बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद समाप्त हुआ : अमित शाह

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारखंड के हजारीबाग में नक्सलियों को मारे जाने पर गृह मंत्री अमित शाह ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम को एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली है। इस अभियान में एक करोड़ का इनामी नक्सली कमांडर सीसीएम सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया है। साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और बिरसेन गांझू उर्फ रामखेलावन को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया। इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

### सर्च अभियान में ये सामान मिले

मुठभेड़ के बाद सर्च के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किया। जिसमें एके-47 (मैगजीन लगा हुआ), तीन राइफल, 63 राउंड एके-47 का जिंदा कारतूस, भरा हुआ मैगजीन छह, मैगजीन पाउच तीन, एक सेमसंग गैलेक्सी का टैब, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कुछ रुपये, माओवादी का पर्चा, इंजेक्शन की सिरिंज, ग्रेनेड का स्प्लिटर, स्प्रिंग, लीवर आदि शामिल हैं।

# जनहित में करें पेसा कानून के उपबंधों का उपयोग : हेमंत



● मुख्यमंत्री ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक एवं स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत की जाने वाली शक्तियों, अधिकारों और कार्यों से संबंधित पेसा नियमावली के विभिन्न उपबंधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून के तहत किये गये उपबंधों का क्रियान्वयन इस तरह हो, जिससे राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में स्थानीय स्वशासन की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ जनजातीय समुदायों का आर्थिक-सामाजिक उत्थान और सशक्तिकरण हो सके। बैठक में सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमआर मीणा, विधि विभाग के प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रशांत कुमार, अमिताभ कौशल, कृपानंद झा, के श्रीनिवासन, मनोज कुमार, चंद्रशेखर, अरवा राजकमल और सचिव मनोज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एसआइआर में गड़बड़ी मिली तो रद्द कर देंगे : सुप्रीम कोर्ट

● कोर्ट ने कहा, बिहार पर जो फैसला देंगे, वही पूरे देश पर लागू होगा, 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पटना।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआइआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि चुनाव आयोग प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है। नियमों की अनदेखी हो रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम यह मानकर चलेंगे कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारियों को जानता है। अगर कोई गड़बड़ी हो रही है, तो हम इसको देखेंगे। अगर बिहार में एसआइआर के दौरान चुनाव आयोग द्वारा अपनायी गयी कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पायी जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने स्पष्ट किया कि वह बिहार एसआइआर पर टुकड़ों में राय नहीं दे सकता। उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में एसआइआर पर लागू होगा। अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering
Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser
Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemistry) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand | https://bdsu.ac.in/


# वक्फ कानून के तीन बड़े बदलावों पर स्टे

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पूरे कानून पर स्टे देने का कोई आधार नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने सोमवार को कानून में किये गये तीन बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया। इनमें वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का नियम शामिल है। सीजेआइ बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या चार और राज्यों के वक्फ बोर्ड में तीन से ज्यादा न हो। सरकारें कोशिश करें कि बोर्ड में नियुक्त किये जाने वाले सरकारी सदस्य भी मुस्लिम समुदाय से ही हों। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दाखिल 5 याचिकाओं पर 20 से 22 मई तक लगातार तीन दिन सुनवाई की थी। 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या-क्या रोक लगायी :** वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम : वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की भागीदारी पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रावधानों पर रोक तो नहीं लगायी, लेकिन कुछ सीमाएं तय कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में (20 में से) अधिकतम 4 और राज्य वक्फ बोर्ड में (11 में से) अधिकतम 3 गैर-मुस्लिम सदस्य ही रख सकते हैं। पहले इसमें अधिकतम सीमा तय नहीं थी।

**सीइओ की नियुक्ति :** राज्य बोर्ड में सेक्शन 23 (सीइओ की नियुक्ति) को बरकरार रखते हुए कोर्ट ने कहा कि जहां तक संभव हो, सीइओ (जो बोर्ड का पदेन सचिव भी होता है) मुस्लिम समुदाय से ही नियुक्त किया जाये।

**वक्फ बनाने की शर्तः** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के सेक्शन 3 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि कोई व्यक्ति वक्फ बनाने के लिए कम से कम पांच साल से मुसलमान होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बनातीं कि कोई व्यक्ति वास्तव में मुसलमान है या नहीं, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं हो सकता, क्योंकि बिना नियम के यह मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है।

**वक्फ की संपत्ति का वेरिफिकेशन :** सुप्रीम कोर्ट ने सेक्शन 3सी से जुड़े प्रावधान यानी बदलाव पर रोक लगायी। यह धारा सरकारी अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों की स्थिति तय करने का अधिकार देती थी। कोर्ट ने उस प्रावधान पर भी रोक लगायी, जिसमें कहा गया था कि किसी संपत्ति को वक्फ तभी माना जायेगा, जब सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट में अतिक्रमण न होने की पुष्टि हो। धारा 3सी(3), जिसमें अधिकारी को संपत्ति को सरकारी जमीन घोषित करने और राजस्व अभिलेख बदलने का अधिकार था, उसे भी रोक दिया।


JCI Ranchi | Rise Up
ये है राँची का त्योहार
27 YEARS
Expo utsav® 2025
A JCI EVENT
16 17 18 19 20 21 22
TUE. 16TH SEPT. - MON. 22ND SEPT. 2025
MORABADI GROUND, RANCHI
PRINCIPAL SPONSOR
Babulal Premkumar®
COMPLETE FAMILY STORE
BOOK YOUR PRODUCTS & GET THE BEST OFFERS & DISCOUNTS
10,000+ PRODUCTS UNDER ON ROOF
Starts Today!
CHIEF GUEST - OPENING CEREMONY
SRI YOGENDRA PRASAD
Hon'ble Minister, Govt. of Jharkhand
Dept. of Drinking Water & Sanitation
Department of Excise & Prohibition
MORABADI GROUND
05:00 PM ONWARDS
EVENTS AT EXPO UTSAV - 2025
FASHION Show | EXPO TREASURE HUNT | EXPO Super DOG Show | TAMBOLA | FUN GOLA | Midnight BAZAAR
For Event Participation Contact : 8877033355, 9608924733
CONSUMER HANGER | PINK HANGER | EXHIBITOR HANGER | AUTO ZONE | URBAN ZONE | FOOD ZONE | AMUSEMENT PARK | REAL ESTATE | STARTUP AREA
POWERED BY
SGJ श्री गजानन्द ज्वेलर्स
OUR ASSOCIATE PARTNERS
BAGLA | RAMADA
JCI Ranchi Secretary JFM Sunny Kedia | Chief Co-Ordinator JFM Siddhart R Jaiswal | Co-Coordinator Jc CA Abhishek Jain | Co-Coordinator Jc CA Deepak Patel | Co-Coordinator Jc Sourav Naredi | JCI Ranchi President Jc HGF Prateek Jain

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# रणनीतिक रूप से बेहद सफल रहा पीएम मोदी का पूर्वोत्तर दौरा

## ■ देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं 'सेवेन सिस्टर्स'

## ■ पीएम मोदी के दौरे से इन राज्यों को मिला है नया भरोसा और प्रोत्साहन

## ■ मजबूत रिश्ते की बुनियाद गढ़ गये प्रधानमंत्री मोदी, जीता भरोसा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मणिपुर और असम की यात्रा के दौरान जो घोषणाएं हुईं, वे महत्वपूर्ण तो हैं ही, इन्हें ऐतिहासिक भी कहा जाये, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही 'सेवेन सिस्टर्स', यानी पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों का दौरा कर उन्हें भरोसे और प्रोत्साहन की नयी संजीवनी दी है। दो साल पहले मणिपुर को जातीय हिंसा में झोंकनेवाली ताकतों को पीएम मोदी के दौरे से करारा झटका लगा है। जातीय हिंसा के बाद मणिपुर के अपने पहले दौरे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिया गया शांति का संदेश महत्वपूर्ण है। उनका यह कहना कि मणिपुर ही वह भूमि थी, जहां पहली बार भारतीय राष्ट्रीय सेना ने राष्ट्र ध्वज फहराया था, राज्य के गौरवपूर्ण अतीत और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। राज्य को भारत माता के मुकुट का रत्न बताते हुए कुकी बहुल हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित चुराचांदपुर के लिए 7300 करोड़ रुपये से अधिक और मैतेई बहुल इंफाल के लिए करीब 1200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा कर प्रधानमंत्री ने पीड़ितों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और समूचा देश उनके साथ है। राजनीति में कई फैसले रणनीतिक आधारों पर लिये जाते हैं। पिछले दो वर्षों में मणिपुर का मुद्दा देश के भीतर और बाहर जिस तरह से उठाया गया, वह किसी से छिपा नहीं है। यह भी नहीं भूला जा सकता कि किस तरह यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ, जिसे सरकार ने देश का आंतरिक मामला बताते हुए उचित ही खारिज कर दिया था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मणिपुर में शांति बनी रहे और प्रधानमंत्री मोदी के दौरे ने जो उम्मीदें जगायी हैं, वे पूरी हों। अपनी मिजोरम यात्रा में प्रधानमंत्री ने आठ हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की सैरांग-बैरवी रेल लाइन का शुभारंभ किया है, जो इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। जाहिर है कि इससे मिजोरम के किसान और व्यवसायी देश भर के बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कई क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेंगे, सो अलग। असम यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को करीब 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी है, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को यकीनन सहारा देंगी। कुल मिलाकर देखें, तो प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर दौरा केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं, यह एक दृष्टि का प्रतिबिंब है। म्यांमार से हो रही घुसपैठ समेत विभिन्न समूहों के बीच विश्वास बहाली की चुनौतियां बेशक हैं, लेकिन पूर्वोत्तर में प्रधानमंत्री ने शांति के साथ विकास का जो पैगाम दिया है, वह जमीनी स्तर पर दिखे भी, तो यह सबसे बड़ी कामयाबी होगी। देश के विकास में क्या है पूर्वोत्तर भारत का योगदान और पीएम मोदी के दौरे ने कैसे इसको बढ़ावा दिया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों, मिजोरम, मणिपुर और असम की दो दिवसीय यात्रा पूरी कर चुके हैं। उनका यह दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक तो है ही, भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने अपने दौरे के दौरान जहां हिंसा प्रभावित मणिपुर को शांति का मरहम लगाया, वहीं मिजोरम को रेल लाइन का शानदार उपहार सौंपा और असम को कई सौगातें देकर पूर्वोत्तर भारत को भरोसे और प्रोत्साहन की नयी संजीवनी प्रदान की है। इन राज्यों में पीएम मोदी ने बार-बार पूर्वोत्तर भारत को देश के विकास का इंजन बताते हुए राष्ट्रीय एकता में उनके शानदार योगदान को याद किया।

### क्या है पूर्वोत्तर भारत का योगदान

पूर्वोत्तर क्षेत्र अब भारत के विकास मानचित्र की परिधि पर नहीं है, बल्कि यह अब मजबूती से देश के विकास के केंद्रबिंदु में है। दूरदर्शी नीति निर्माण, रिकॉर्ड निवेश और मंत्रालयों में समन्वित निष्पादन द्वारा समर्थित, पूर्वोत्तर में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा जा रहा है। बेहतर रेल और सड़क कनेक्टिविटी से लेकर डिजिटल पहुंच, आर्थिक निवेश और समावेशी विकास पहल तक, हर प्रयास इस क्षेत्र को अवसर और समृद्धि के निकट ला रहा है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा मजबूत हो रहा है और आकांक्षाएं गहरी हो रही हैं, पूर्वोत्तर एक विकसित भारत का एक प्रमुख वाहक बनने की ओर अग्रसर है, जहां हर पहाड़ी, घाटी और गांव देश के साझा भविष्य का भाग है।

### पहले पूर्वोत्तर भारत को एक सुदूर सीमांत क्षेत्र के रूप में देखा जाता था

दरअसल, दशकों से पूर्वोत्तर भारत को एक सुदूर सीमांत क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, जो संस्कृति में समृद्ध था, लेकिन इसकी पूरी क्षमता का प्रयोग करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की कमी थी। क्षेत्र के लोगों, जिनमें मिजोरम के जीवंत समुदाय भी सम्मिलित हैं, समृद्ध परंपराओं और सामाजिक सद्भाव के लिए जाने जाते हैं, ने लंबे समय तक प्रतीक्षा करते हुए विकास की राह देखी। केंद्र सरकार के एक्ट इस्ट विजन के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र हाशिये से मुख्यधारा में आ गया है। जिसे कभी एक सुदूर कोने के रूप में देखा जाता था, वह अब भारत की विकास गाथा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रेलवे, राजमार्गों, हवाई संपर्क और डिजिटल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश ने मिजोरम की बांस से ढकी पहाड़ियों से लेकर सिक्किम की चोटियों और असम के चाय बागानों तक आठ राज्यों में विकास को नयी गति दी है। आज यह क्षेत्र न केवल बदला हुआ है, बल्कि बेहतर संपर्क, मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और उद्देश्य की एक नयी भावना के साथ सशक्त भी है। पूर्वोत्तर भारत की कहानी अब शांति, प्रगति और समृद्धि की है, जो विकसित भारत का सच्चा प्रतीक है।



### पूर्वोत्तर को सशक्त बनाना मोदी सरकार का उद्देश्य

मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में समावेशी विकास में तेजी लाने के लिए एक्ट इस्ट दृष्टिकोण के अंतर्गत परिवर्तनकारी पहलों की एक श्रृंखला लागू की है। यह रणनीतिक ढांचा पूर्वोत्तर को दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित करता है, साथ ही संतुलित विकास भी सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते भी हैं कि हमारे लिए पूर्व का अर्थ है सशक्त बनाना, कार्य करना, मजबूत करना और परिवर्तित करना। यह एक मार्गदर्शक दर्शन है, जो क्षेत्र में हर नीतिगत पहल को रेखांकित करता है। बुनियादी ढांचे और डिजिटल संपर्कता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका तक ये प्रयास आठ राज्यों में अवसर सृजित करने, पहुंच में सुधार और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने पर केंद्रित हैं।

### देश की पूर्वोत्तर सीमा की मजबूती

इन विकास योजनाओं को गति देने के साथ पीएम मोदी के दौरे ने देश की पूर्वोत्तर सीमाओं की रणनीतिक मजबूती की तरफ केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर किया है। तमाम कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद देश का पूर्वोत्तर हिस्सा आज भी हमारे दुश्मनों और आंतरिक उपद्रवी तत्वों की निगाह में खटक रहा है। घुसपैठ की समस्या से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में चीन की अवांछित गतिविधियां और रणनीतिक रूप से देश की सुरक्षा के लिए अहम चिकन नेक की मजबूती भारत सरकार के लिए हमेशा से चिंता का विषय रही हैं। पीएम मोदी के दौरे ने इन मुद्दों को पूरी तरह खत्म तो नहीं किया, लेकिन देश को एक भरोसा जरूर दे गया कि देश को अब पूर्वोत्तर को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस मायने में पीएम मोदी का दौरा ऐतिहासिक रहा है। पीएम मोदी के दौरे की ऐतिहासिकता को नया आयाम तब मिलेगा, जब उनकी घोषणाओं को जमीन पर उतारा जायेगा और यह चुनौती बहुत बड़ी तो नहीं ही है।

---

## केंद्र सरकार देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खात्मे को दृढ़ संकल्पित: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हजारीबाग में सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता इस बात का प्रमाण है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक नक्सलवाद मुक्त भारत का जो लक्ष्य रखा गया है, उसी दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस अभियान की सफलता के लिए सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और पुलिस के वीर जवानों के साहस को सलाम करता हूं।

**हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करें नक्सली :** बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि मैं उन सभी लोगों से आग्रह करता हूं, जो अभी भी हिंसा का रास्ता अपनाए हुए हैं कि वे हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण करें। आपने जो रास्ता चुना है, वह विकास का नहीं, विनाश का रास्ता है। हमारा लक्ष्य है, मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बनाना और इन इलाकों में विकास की नयी धारा लाना। सरकार इन उपेक्षित क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर लाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ रही है, ताकि यहां के युवाओं को कभी हथियार उठाने की जरूरत न पड़े।

## व्हिसल ब्लोअर एक्ट के तहत लगाये भ्रष्टाचार के आरोपों पर लीपापोती में जुटी सरकार: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड कैडर के एक वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी द्वारा व्हिसल ब्लोअर एक्ट के तहत सुरक्षा उपकरणों की खरीद में लगाये गये गंभीर आरोपों पर राज्य सरकार के रवैये पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने के बाद भी राज्य सरकार ने पूरे मामले को दबाने का काम किया है। प्रतुल ने कहा कि उक्त आइपीएस अधिकारी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा उपकरणों को उनके बाजार मूल्य से चार गुना से 5 गुना ज्यादा कीमतों पर खरीदा गया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि शुरुआत में तो महीनों तक सरकार ने इन आरोपों पर संज्ञान ही नहीं लिया। बाद में जब दबाव बढ़ा तो जिस अधिकारी पर आरोप लगाये गये थे, उससे कनीय अधिकारी आइजी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जांच समिति बनवा दी गयी। यह अपने आप में हास्यास्पद और अनैतिक कदम था कि एक कनिष्ठ अधिकारी अपने वरीय अधिकारी की जांच कैसे करे? इसके बाद एडीजी स्तर के अधिकारी टी कांडास्वामी को अध्यक्ष बनाया। लेकिन वे लंबे समय तक अवकाश पर रहे थे जिससे जांच की गति ठहर गयी। जानकारी के अनुसार समिति की एक भी बैठक अभी तक नहीं हुई है। यह सब दर्शाता है कि सरकार गंभीर जांच चाहती ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में जुटी है। उन्होंने कहा कि व्हिसल ब्लोअर एक्ट का मूल उद्देश्य है कि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी यदि भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करता है तो उसे हर स्तर पर संरक्षण मिले और उसकी पहचान सार्वजनिक न की जाये। लेकिन झारखंड में इसके ठीक उलट, सरकार ने व्हिसल ब्लोअर अधिकारी को असुरक्षित करने और आरोपित को बचाने का काम किया है।

## हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध: विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता के बयान पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठ फैलाकर भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। जिस तरह से भाजपा नेता ने सुरक्षा उपकरणों की खरीद को लेकर राज्य सरकार पर निराधार आरोप लगाये हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। सुरक्षा उपकरणों की खरीद से जुड़ा मामला प्रारंभ से ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखा जा रहा है। शिकायत आने के बाद सरकार ने न केवल संज्ञान लिया बल्कि जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित की है। समिति की कार्यवाही नियमों के तहत चल रही है, और निष्पक्ष रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि जब केंद्र में उनकी सरकार है, तब उन्होंने राज्य को जांच में सहयोग क्यों नहीं दिया? भाजपा नेता का बयान सिर्फ. सुर्खियां बटोरने और ईमानदार सरकार को बदनाम करने की कोशिश है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे सख़्त रुख हेमंत सोरेन सरकार ने अपनाया है। सरकार हर शिकायत का संज्ञान लेती है, परंतु किसी भी जांच को मीडिया ट्रायल का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा को सलाह है कि वह झूठे बयान देने के बजाय तथ्यों का सम्मान करे और संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा रखे। हेमंत सोरेन सरकार न तो किसी भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है, न ही किसी व्हिसल ब्लोअर को असुरक्षित बना रही है। भाजपा बेबुनियाद आरोप लगाकर सिर्फ. जनता को गुमराह कर रही है।

## आधुनिक झारखंड का निर्माण इंजीनियरों के योगदान के बिना संभव नहीं: दीपिका पांडेय सिंह



**58वां अभियंता दिवस समारोह में शामिल हुईं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत की जब भी कल्पना की जाती है, उसमें इंजीनियरों की भूमिका हमेशा अग्रणी रही है। आप सभी के योगदान से ही आधुनिक झारखंड का निर्माण संभव है। हमारी सरकार को आपसे उम्मीद है और भरोसा है कि आप बिना किसी समझौते के ऐसे स्ट्रक्चर बनायेंगे, जो आने वाली पीढ़ियों तक मजबूती से खड़े रहें। मंत्री दीपिका सोमवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की 164 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 58वां अभियंता दिवस समारोह कार्यक्रम में बोल रही थीं। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भारत में 15 सितंबर को मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जिन्हें देश के महानतम इंजीनियरों में से एक माना जाता है, की स्मृति और श्रद्धांजलि के रूप में इंजीनियर्स डे मनाया जाता है।

इंजीनियरिंग और समाज के विकास के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान और नवाचारों के कारण विश्वेश्वरैया को भारतीय इंजीनियरिंग का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा इंजीनियर्स एम विश्वेश्वरैया के आदर्शों को अपनाकर झारखंड के सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभायें। कार्यक्रम में शहरी विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार और पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने अभियंताओं की भूमिका को राज्य की आधारभूत संरचना, स्वच्छ जलापूर्ति, आवास और शहरी विकास से जोड़ते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह में अभियंताओं की समाज-निर्माण, नवाचार और सतत विकास में भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

## मेरी रोशनी बचा लो : महुआडांड़ की 13 वर्षीय असिता की आंखों की रोशनी जा रही है, पहल करे सरकार

# आदिम जनजाति की कोरवा समुदाय की बच्ची के ईलाज में बाधा बन रही गरीबी

**■ एक आंख जन्म के कुछ ही दिन बाद खराब, दूसरे की जा रही रोशनी, एक्सपर्ट बोले बच सकती है रोशनी**

**■ परिजनों ने 'आजाद सिपाही' के माध्यम से सरकार से लगायी मदद की गुहार**

आदर्श कुमार 'चंचल'

**गारु (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के महुआडांड़ अंतर्गत अक्सी पंचायत के तिसिया (टोला खूंटी करम) निवासी राजेश्वर कोरवा की 13 वर्षीय पुत्री असिता, जन्म के कुछ दिन बाद ही आंखों की गंभीर अज्ञात बीमारी का शिकार हो गयी। इस कारण उसकी एक आंख की रोशनी चली गयी। वहीं दूसरी आंख की रोशनी समय के साथ धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जिसके कारण वह अब पढ़ लिख नहीं पा रही है।

विलुप्ती की कगार पर आदिम जनजाति कोरवा समुदाय की बालिका असिता का परिवार अत्यंत गरीब है। इस कारण बच्ची का समुचित इलाज कराने में असमर्थ है।

**नहीं मिलता राशन: मां रीना देवी**

माता रीना देवी ने बताया कि हमें राशन-पानी खरीद कर खाना पड़ता है। गांव में किसी तरह का रोजगार नहीं होने के कारण पेट पालने की समस्या है। पैसे के आभाव में बेटी का इलाज नहीं हो पा रहा है। असिता की दो बहनें और एक भाई भी है।

### राशन कार्ड भी नहीं

खूंटीकरम के असिता के चाचा सुदेश्वर कोरवा एवं चाची ज्योति कोरवा ने बताया कि असिता के माता-पिता का राशन कार्ड नहीं बन पाया है। इसके चलते आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा है। इस वजह से वो समुचित इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने राशन कार्ड के बारे में कहा कि हमने कई बार राशन कार्ड बनाने के लिए डीलर के पास चक्कर लगाया, लेकिन आज तक राशन कार्ड नहीं बन पाया।



**असिता पढ़ना चाहती है, लेकिन रोशनी बन रही बाधा :** आदिम जनजाति की असिता को पढ़ने-लिखने एवं गांव के बच्चों के साथ टोली बना कर खेलने का बहुत मन करता है। लेकिन धीरे-धीरे उसके आंखों की रोशनी कम हो जाने के कारण उसका बचपन उससे छिनता जा रहा है। असिता आगे पढ़ना चाहती है, लेकिन आंखों की कम हो रही रोशनी इसमें बाधा बन रही है।

पीड़ित आदिम जनजाति परिवार ने सरकार के साथ-साथ, लातेहार के उपायुक्त, स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह एवं सांसद कालीचरण सिंह से 'आजाद सिपाही'अखबार के माध्यम से मदद की गुहार लगायी है, ताकि उसकी आंखों की रोशनी बचा कर उसे जीने के लिए नयी जिंदगी दी जा सके।

**पूछताछ के बाद प्रशासन रेस :** आजाद सिपाही संवाददाता ने जब इस संबंध में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह से असिता के बारे में जानकारी दी गयी, तो उन्होंने उस बच्ची का समुचित इलाज करवाने का आश्वासन दिया है। इस मामले में जब बीडीओ संतोष बैठा से बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है। कल ही एक टीम भेज कर असिता के इलाज की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। चिकित्सा प्रभारी महुआडांड़, डॉक्टर अमित खलखो ने कहा कि पेसेंट देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि स्थानीय सहिया को भेज कर बालिका के बारे में पूरी जानकारी हासिल करने को निर्देशित किया जा रहा है। जानकारी देने के बाद इस संबंध में एमओ सुमित सिन्हा ने कहा कि पीड़ित परिवार का जल्द ही राशन कार्ड ऑनलाइन कर बनवा दिया जायेगा, एवं निजी संज्ञान लेते हुए आयुष्मान कार्ड भी बनवा दिया जायेगा।

### आजाद सिपाही ने बच्ची की तस्वीर भेज आइ एक्सपर्ट डॉ सुबोध सिंह से राय ली, कहा : इलाज संभव

**रांची (आजाद सिपाही)। जब आजाद सिपाही ने बच्ची असिता की तस्वीर आइ एक्सपर्ट डॉ सुबोध को भेजी, तो डॉक्टर सुबोध ने बताया कि तस्वीर देख कर यही लगता है कि बच्ची की कॉर्निया मेल्ट होने के कारण आंखों की रोशनी जा रही है। ऐसा बिटामिन ए की कमी के कारण होता है। पहले एक आंख की कॉर्निया मेल्ट होने के कारण रोशन चली गयी, फिर दूसरी आंख में इन्फेक्शन के कारण धीरे-धीरे रोशनी जा रही है। अगर रेटिना की स्थिति सही हो, कॉर्निया ट्रांसप्लांट करके उसकी आंखों की रोशनी लौटायी जा सकती है। जांच के बाद ही ज्यादा स्पष्ट राय दी जा सकती है। गांव में सही मात्रा में पोषण नहीं मिलने के कारण बच्चों में इस तरह की परेशानी देखने को मिलती है।**

# हाइड्रोजन इंजन और इलेक्ट्रिक ट्रक का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा

**● मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से टाटा मोटर्स लि. के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में टाटा मोटर्स लि० के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने टाटा मोटर्स लि० द्वारा हाइड्रोजन इंजन एवं इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी दी और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट से संबंधित कार्य योजना एवं अद्यतन गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, ग्लोबल हेड-गवर्नमेंट पब्लिक अफेयर्स टाटा मोटर्स लि० सुशांत चंद्रकांत नाइक, वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशन, विशाल बादशाह, प्लांट हेड टाटा कमिंस अनितेश मोंगा, गवर्नमेंट अफेयर्स टीम के कनिष्क कुमार, सिद्धार्थ बक्शी, जोकिम सलताना, फाइनेंस टीम के पंकज पटवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



# सीएम ने रिसालदार शाह बाबा की दरगाह पर की चादरपोशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को 218वें उर्स के अवसर पर रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां परंपरा के अनुरूप चादरपोशी कर समस्त राज्य वासियों के लिए सुख, समृद्धि, अमन-चैन, प्रगति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग उर्स के मौके पर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के दरगाह में चादरपोशी के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कि आज मैने यहां चादरपोशी की रस्म अदा कर रिसालदार शाह बाबा से समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की है।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन



सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बेहरा आश्रम चौपारण के द्वारा नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 लोगों का आंख जांच नि:शुल्क किया गया। जांच के उपरांत मरीजों को चश्मा भी न्यूनतम दर पर उपलब्ध करायी गयी। वहीं शिविर में कुल 20 मोतियाबिंद के मरीज मिले जिनका ऑपरेशन विदेशी लेंस फेको मशीन के माध्यम से बेहरा आश्रम चौपारण में किया जायेगा। ऑपरेशन होने के पश्चात रहना, दवाई, और खाना नि:शुल्क दिया जायेगा। इसकी जानकारी अस्पताल के कैंप मैनेजर वारिश खान के द्वारा दिया गया। जांच शिविर में अस्पताल के डॉक्टर सूरज कुमार साव, कौंसलर पुरुषोत्तम मिश्रा ने लोगों को संयुक्त रूप से घरेलू नुस्खे और आंखों के बचाव से संबंधित कई जानकारी दी साथ ही जागरूक भी किया।

## आश्वासन के 6 महीना के बाद भी विस्थापितों की मांग पूरी नहीं हुई



चंदवारा (आजाद सिपाही)। चंदवारा प्रखंड के उरवां में डीवीसी विस्थापित संघर्ष समिति उरवां के द्वारा लगातार तीसरा दिन अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोती दास और संचालन शीतल यादव ने किया। अनिश्चितकालीन धरना को संबोधित करते हुए बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने कहा कि डीवीसी विस्थापितों को लगभग 75 साल से ठगते आ रही है। डीवीसी एवं जिला प्रशासन विस्थापितों के आठ सूत्री मांगों पर जो लिखित आश्वासन दिया था उस पर हर हाल में काम करना होगा। मांगे पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। मौके पर पूर्व मुखिया वीरेंद्र पासवान, सैयद अनवर, मथुरा यादव, बालकिशुन यादव, गुलाब यादव, बजरंगी यादव, बिरजू यादव, पप्पू दास, महेश यादव, दिलीप यादव, रेणु देवी, सबिया देवी, बसंती देवी, कंचन देवी, सुनीता देवी, रामसेवक यादव, कैलाश वर्मा, राजू दास, संजीत कुमार, रितलाल प्रसाद, रणदीप कुमार, छोटन यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## गरीबों से दुश्मनी, अमीरों से यारी : मो कयूम



बरही (आजाद सिपाही)। बरही पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जिप प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने कहा कि बरही प्रशासन द्वारा समय - समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। कुछ दिन अभियान का असर रहता है फिर टांय टांय फीस हो जाता है। अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन का डंडा झोपड़ी में रहने वाला, ठेला लगाने वाला, खोमचे वालों आदि पर सबसे पहले चलता आहू। दुकानों के बाहर लगे टीन, करकट, प्लास्टिक को हटवाया जाता है। मगर कुछ एक को छोड़कर अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन हाथ लगाने में परहेज करता है। बरही चौक के चारों ओर दबंग अतिक्रमणकारी बरही चौक की शोभा बढ़ा रही है। बरही चौक से प्रखंड कार्यालय जाने वाली सर्विस रोड अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। मगर प्रशासन की नजर इस पर नहीं है। गरीब है, इनकी झोपडी, दुकान हटा दो तो कोई नहीं बोलता। अमीरों को हाथ लगाओ तो शोर मच जायेगा। इसीलिए प्रशासन भी इसके प्रति सचेत है। यानि गरीबों से दुश्मनी, अमीरों से यारी..... वाली कहावत को प्रशासन चरितार्थ करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर प्रशासन दोहरी नीति अपना रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को हजारीबाग-सिमरिया मार्ग पर सुल्ताना के पास हुए एक दर्दनाक हादसे में कटकमदाग प्रखंड के अडरा गांव की 20 वर्षीय युवती निशु कुमारी की मौत हो गयी। निशु कुमारी अपने भाई के साथ बाइक से हजारीबाग बाजार जा रही थी तभी एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में निशु और उनका भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत श्रीनिवास हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह निशु ने दम तोड़ दिया। निशु जीएम इंटर कॉलेज में स्नातक की छात्रा थीं। उनके भाई की हालत भी बेहद नाजुक बताई जा रही है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। निशु कुमारी अडरा निवासी सारीज प्रजापति की पुत्री थीं और उनका ननिहाल बांका गांव में है। इस दुखद खबर से पूरे कटकमदाग रोड क्षेत्र के गांवों में शोक की लहर दौड़ गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता कविंद्र यादव और सुनील यादव ने सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को सूचित किया, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर एसपी ने की बैठक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा पर्व में विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने को लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार को एसपी कार्यालय के सभागार कक्ष में सभी थाना प्रभारियों संग वीसी के माध्यम बैठक की। इस दौरान एसपी ने कहा कि दुर्गापूजा जैसे महत्वपूर्ण और सांस्कृतिक पर्व के दौरान पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को सजग और सतर्क रहने, प्रत्येक सूचना पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिया। बैठक में डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर माईका अंचल, पुलिस इंस्पेक्टर डोमचांच अंचल उपस्थित थे। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अतिशीघ्र थाना क्षेत्रों के असामाजिक तत्वों, पूजा, जुलूस के दौरान विघ्न उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध व्यक्तियों निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अब तक कुल 509 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। जबकि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक करने, जिसमें संबंधित अंचलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक की उपस्थित सुनिश्चित करने, पूर्व के लंबित साम्प्रदायिक कांडों में संलिप्त अभियुक्तों कि गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, थाना क्षेत्रों के दुर्गा पूजा पंडालों का सुरक्षा के दृष्टिकोण से भौतिक सत्यापन करना, पूजा समितियों के विभिन्न पदधारकों का मोबाईल नम्बर प्राप्त करने, डीजे साउण्ड के मालिकों,संचालन कर्ताओं से डीजे नही बजाये जाने से संबंधित बॉण्ड भरवाने, भोलेन्टियर की तैनाती करने, जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करना और मार्ग में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों चिन्हित कर सभी प्रकार की सुरक्षात्मक कार्रवाई करने, जुलूस में पर्याप्त रोशनी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करने, दंगा रोधी वाहन और उपकरण को तैयार हालत में रखने, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने, अवैध मादक द्रव्य के विरुद्ध कारगर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

# आदिवासी अस्मिता और संस्कृति की अनमोल धरोहर है सींगा बाजा



**अनोखा वाद्य यंत्र, आंदोलन और आयोजनों में होता था उपयोग**

**पीढ़ी दर पीढ़ी संजोया धरोहर संरक्षण की है जरूरत**

- हजारीबाग के जोभी सिमरा गांव में तालो सोरेन और हीरालाल मुर्मू के पास यह अद्भुत वाद्य यंत्र मौजूद है।
- इसे स्थानीय लोग भोंपू, सींगा या सींगा बाजा के नाम से जानते हैं। खास बात यह है कि यह जंगली भैंसा, काढ़ा या नीलगाय के सींग से बनाया जाता था। तालो सोरेन बताते हैं कि यह वाद्य यंत्र उनके परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है।
- करीब पांच पीढ़ियों से उनका परिवार इसे संजोए हुए है। इसे बजाने में काफी मेहनत लगती है, क्योंकि इसमें मुख से लगातार हवा फूंकनी होती है।
- यह वाद्य यंत्र सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के आंदोलन और विशेष आयोजनों का भी हिस्सा रहा है।
- पुराने समय में इसी भोंपू से उलगुलान यानी विद्रोह की आवाज बुलंद की जाती थी।
- गांव के लोग इसे पशु भगाने और समुदाय को इकट्ठा करने के लिए भी इस्तेमाल करते थे।

दीपक सिंह

**हजारीबाग।** भारतीय संस्कृति में कला और संगीत की परंपरा सदियों पुरानी है। झारखंड, जो आदिवासी बहुल इलाका है, यहां की संस्कृति में कई ऐसे प्राचीन वाद्य यंत्र देखने को मिलते हैं जो अब विलुप्त होने की कगार पर हैं। हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड के जोभी सिमरा गांव में एक ऐसा ही अनोखा वाद्य यंत्र भोंपू आज भी संरक्षित है, जो करीब 250 से 300 साल पुराना बताया जाता है।

हीरालाल मुर्मू बताते हैं कि इस भोंपू पर पीतल का घेरा बना है, जिस पर कुछ अक्षर खुदे हुए हैं। संभावना है कि यह कैथी लिपि में लिखा हो। उनका दावा है कि यह वाद्य यंत्र लगभग 300 साल पुराना है और अब पूरे इलाके में सिर्फ दो ही लोगों के पास मौजूद है। संस्कृति और कला के जानकारों का कहना है कि इस तरह के दुर्लभ वाद्य यंत्र हमारी प्राचीनता और पहचान हैं। सरकार और समाज को मिलकर ऐसे धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस अनमोल विरासत से रूबरू हो सकें। क्योंकि यह भोंपू सिर्फ एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और संस्कृति की अनमोल धरोहर है।

## दारू में चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

# तीन अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू /हजारीबाग।** 15 सितंबर 2025 दारू थाना क्षेत्र में सक्रिय चोरी के गिरोह का पुलिस ने उद्वेदन कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस निरीक्षक दारू अंचल जगलाल मुंडा ने प्रेस वार्ता में बताया कि दारू थाना कांड संख्या 90/25 दिनांक 4/9/2025 धारा 305 बीएनएस की वादिनी के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी करने के आरोप में कांड दर्ज किया गया था। लगातार चोरी के कांडों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशानुसार कांड के त्वरित उद्वेदन हेतु पुलिस निरीक्षक दारू अंचल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहम्मद मारूफ (30 वर्ष) पिता रफीक राय ग्राम बासोबर थाना दारू हजारीबाग और अन्य दो अभियुक्त मोहम्मद आमिर उर्फ बब्बन (30 वर्ष) पिता मोहम्मद शकील अंसारी और मोहम्मद सेवी रजा (25 वर्ष) पिता परवेज खान दोनों का साकिन मटवारी थाना कोर्रा हजारीबाग हैं। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संदर्भ में बताया गया कि ये लोग कवालु, जमुआ, जिनगा, दारू इरगा, हजारीबाग समेत कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। साथ ही ये लोग सदर थाना, कोर्रा थाना, मुफस्सिल थाना के कई कांडों में इससे पूर्व भी जेल जा चुके है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने निशानदेही पर चोरी के सामान की बरामदगी की। बरामद सामान में इन्वर्टर बैटरी, गैस सिलेंडर, बर्तन, डीजे मशीन और अन्य चोरी का सामान शामिल है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## बेटे के लिए की थी जिउतिया

# करंट लगने से हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई के बलरोटांड में बीती रात करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतका की पहचान निर्मला देवी (36, पति विजय यादव) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के जेठ मनी यादव ने बताया कि कल घर में जिउतिया का पर्व हेतु सभी महिलाएं उपवास में थीं। शाम को महिलाएं स्नान कर पूजा पाठ की तैयारियां कर रही थीं। इसी निमित निर्मला भी अपने इकलौते पुत्र की लंबी उम्र हेतु पूजा की तैयारी से पूर्व स्नान कर अपने भीगे हुए कपड़े को घर के अंदर एक तार पर कपड़े फैलाने गयी हुई थी। इसी बीच वहां से गुजरा हुआ बिजली का एक तार जो कि नंगी अवस्था में था, वह उसकी चपेट में आ गयीं। चूंकि वो स्नान करके बाहर निकली थीं और और वे नंगे पैर थीं इसलिए उन्हें बिजली का जोरदार झटका लगा और वे अचेत होकर वहीं जमीन पर गिर गयी। उनके गिरने की आवाज सुनते ही घर के सभी लोग दौड़कर वहां पहुंचे और आनन फानन में उन्हें निजी वाहन से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने इस घटना को लेकर बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि उनके गांव में बिजली के नये खंभे स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही उनपर केबलिंग का भी कार्य किया जा रहा है। अभी बीते कुछ दिनों से काम बंद था, जिसके कारण बिजली के पोल से हमारे घर में आए हुए तार को मजबूरन हमें अव्यवस्थित रूप से रखना पड़ा है। मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें एक पुत्र व दो पुत्री हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के भरण पोषण हेतु बिजली विभाग को उनके आश्रितों को मुआवजा देना होगा।

## जिउतिया पर्व पर झूमर नृत्य का आयोजन



चौपारण (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जगदीशपुर में सोमवार को जितिया पर्व के अवसर पर झुमर नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिला। झूमर नृत्य में बोकारो से आए अन्ना हजारे झुमर टीम की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए बरही विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक और अन्य अतिथियों ने मांदर की थाप पर झुमर नृत्य में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विधायक ने कहा कि भारत की संस्कृति गांवों में बसती है, जिसका जीता जागता उदारहण है यह झुमर। गांव की माटी, जीवन की शान, सादगी में बसता है यहां सम्मान। लोकगीत, मेले और त्योहार, भाईचारा इसका सच्चा आधार। ग्रामीण संस्कृति ही भारत की पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि झुमर हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र रविदास, सचिव अशोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपकोषाध्यक्ष भीम तुरी, संरक्षक सह समिति सदस्य युगल ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, संचालन रामाधीन तुरी, सहित मौके पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, बिराज रविदास, अनिल पांडेय, अशोक सिंह, जगदीश यादव, डॉ. बीके यादव, छोटू चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, चंदन यादव, शिक्षक राजकुमार रविदास, विजय दास, उप मुखिया विरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कटकमदाग के बेस में जिउतिया मेला का आयोजन

**हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के पुत्र सूर्यांश कुमार सहित हजारों लोग हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज की जीवंत झलक उत्कीर्ण करती है हजारीबाग के कटकमदाग स्थित बेस गांव में आयोजित जितिया मेला। सोमवार को इस सांस्कृतिक महापर्व में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के पुत्र सूर्यांश कुमार, जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवीगण और हजारों श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उत्सव की धूमधाम में शामिल हुए। इस शुभ अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत हमें हमारी पहचान और गौरव देती है। हमें इसे संजोकर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित और सशक्त रूप में पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। जितिया मेला न केवल हमारी परंपरा की पहचान है, बल्कि यह एकता, भाईचारे और सामुदायिक सद्भाव का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जितन राम, मुखिया दीपक यादव, पंचायत प्रतिनिधि सुखदेव राणा, पूर्व मुखिया कौलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शंकर राणा, तिलेश्वर सिंह भोक्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, अजय तुरी, राजेश ठाकुर, राजेन्द्र कुशवाहा, श्रवण कुशवाहा, शशि ठाकुर, मंटु साव, संजय सांवत, रामअवतार शर्मा, शिवपाल यादव, प्रमेश्वर यादव, बिरजू रवि, अमृत पासवान, चंदन सिंह, मनीष चौधरी, विशेश्वर चौहान, राजेन्द्र मास्टर, चंदन राणा, भास्कर कुमार, राहूल मंडल, पवन गिरि, सांसद प्रतिनिधि अजय साव, मिथलेश यादव और मंडल अध्यक्ष अरुण राणा सहित बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल होकर इस सांस्कृतिक आयोजन को उल्लासित और सफल बनाया। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को इस पारंपरिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलना गर्व की बात है। यह सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति को सम्मानित करने और उसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी भी है।

## उपायुक्त ने चंदवारा प्रखंड का किया दौरा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज ने सोमवार को चंदवारा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड, बस टर्मिनल के लिए प्रखंड कार्यालय के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उक्त जमीन से संबंधित समस्त विवरण यथाशीघ्र उपलब्ध करायें और बस स्टैंड निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुसज्जित बस स्टैंड की आवश्यकता है, जिससे आम नागरिकों और यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। मौके पर चंदवारा के अंचल अधिकारी अशोक कुमार, नगर प्रशासक अंकित गुप्ता, जुडको के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मेगा जांच शिविर कैंप आज

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत टाटीझरिया मां सती आरोग्यम अस्पताल में नि:शुल्क मेगा कैंप शिविर आज लगाया जा रहा है जिसमें आज मरीजों को नि:शुल्क जांच किया जायेगा अस्पताल निदेशक गौरव कुमार ने बताया कि आज मंगलवार को एमबीबीएस डॉक्टर डॉ अनवर इकबाल जेनरल और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कुमार, डॉ रेवती और डॉ अमित कुमार द्वारा मरीजों का अलग-अलग जांच कर इलाज किया जायेगा। जिसमें शुगर, किडनी फक्शन, यूरिक एसिड, क्रिएटीनाइन यूरिया का नि:शुल्क जांच प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। प्रत्येक दिन डॉ अनवर इकबाल ओपीडी में रहेंगे अस्पताल द्वारा 5 किलोमीटर तक नि:शुल्क मरीज को लाने की सेवा दी जा रही है।

## मडमो दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष बने रामानंद कुमार



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। मडमो के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दुखन महतो के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गयी। जिसमें दुर्गा पूजा कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्ष रामानंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दुखन महतो, उपाध्यक्ष घनश्याम महतो, सचिव सुखदेव महतो चुने गये। इस बैठक में उपस्थित सदस्य बहाराम हांसदा (पंचायत समिति) राजेश कुमार महतो, जगदीश (पूर्व पूजा अध्यक्ष), विजय कुमार, अशोक पंडित, संजीत रवानी, बंटी कुमार, संतोष महतो, बासुदेव महतो, निलेश महतो, निर्मल महतो, राजू महतो, फुलचंद, निशांत शर्मा, वा अन्य ग्रामीण समाजसेवी सदस्य उपस्थित हुए।

## चलकुशा प्रखंड के कांग्रेस कार्यकारणी अध्यक्ष बने उमेश साव



चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के जिला पर्यवेक्षक अजय गुप्ता के नेतृत्व में सर्वसम्मति से चलकुशा प्रखंड के कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष पद पर उमेश साव को मनोनीत किया गया। जिसके बाद हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद यादव,कांग्रेस जिला प्रवेशक अजय गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, कांग्रेस नेता जावेद खान, अनिल कुमार, ऑफिस इंचार्ज दिलीप रवि ने संयुक्त रूप से मनोनयन पत्र देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बधाई दिया। अध्यक्ष उमेश साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो मुझे जिम्मेवारी दिया है। मैं पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक और ईमानदारी से अपना काम करूंगा। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिगंबर प्रसाद मेहता, आरसी मेहता बरकट्ठा बी सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, नसीम अंसारी, अरुण चौधरी, रहमान अंसारी सहित कई लोग प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दिये।

## मदरसा के नये भवन का निर्माण संपन्न



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड की सीमा पंचायत अंतर्गत ग्राम पंडरिया मुस्लिम टोला में मदरसा का नया भवन तैयार किया गया। इस मौके पर मुफ्ती जफर आलम की मौजूदगी में भवन की तामीर सम्पन्न हुई। पंडरिया के सदर ने बताया कि बच्चों को तालीम हासिल करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए मदरसा का नया भवन बनाया गया है, ताकि बच्चे आराम से बैठकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर युवा नेता सोनू इराकी ने कहा कि मदरसा का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई में काफी सुविधा होगी। वे उर्दू शिक्षा हासिल कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे और आने वाले समय में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का भी नाम रोशन करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से मुफ्ती जफर आलम, सैयद कामरान हसीब, कारी अब्दुल बासित बलीयाबी, बकरा आलम, मौलाना शफीक, तौसीफ, युवा नेता सोनू इराकी आलम, अजहर मोहसिन, नईम साजिद और मोहम्मद इब्राहिम, अफसर राजा सहित पूर्व मुखी वाजिद अली, मोहम्मद गालिब इब्राहिम कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिउतिया पर्व के अवसर पर जोरदाग और नवाखाप में मेला का आयोजन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जितिया पूजा व व्रत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने सोमवार अहले सुबह पूजन के उपरांत प्रसाद ग्रहण कर 27 घंटा का निर्जला उपवास तोड़ा। माताओं द्वारा जीतवाहन भगवान की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर संतानों की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी, वहीं जिउतिया मेला में अवसर पर केरेडारी के नवाखाप व जोरदाग गांव के झुमरी टांड़ में मेला का आयोजन किया गया। मेला के आयोजन दौरान स्थानीय व बाहर से आये कलाकारों द्वारा पुराने रीति रिवाज से झूमर गाकर ढोल मांदर के थाप पर थिरकते नजर आए। सुख समृद्धि के लिए गांव के पाहन द्वारा भूत भराई कर गांव वासियों के लिए कामना किया। वहीं नवाखाप में जितिया पर्व के अवसर पर रंगा रंग आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने आर्केस्ट्रा का आनंद लिया।

## अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टर जब्त



गिद्दी (आजाद सिपाही)। डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों ने अवैध कोयला तस्करों पर गाज गिराई है। गिद्दी ए कोलियरी क्षेत्र में कोयले की अवैध तस्करी करते हुए दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि गिद्दी के गालोबार में अवैध कोयला लदा दो ट्रैक्टर जब्त हुआ है। पहले रामगढ़ थाना क्षेत्र के काजू बागान में अवैध खनन स्थल को बंद कराया गया। अब दूसरी तरफ गिद्दी थाना क्षेत्र के गालोबार में अपनी टीम से छापेमारी करवा कर कोयला तस्करों को रोकने का प्रयास किया गया है। डीएफओ नीतीश कुमार कोयला तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते आ रहे हैं। गालोबार में कोयला तस्कर अवैध कोयला भंडारण कर स्थानीय प्लांट में पहुंचा रहे हैं। सूचना के बाद डीएफओ नीतीश कुमार ने एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापामारी करने का निर्देश दिया।

## रोटरी रामगढ़ सिटी ने चलाया पौधरोपण अभियान



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के बाजार समिति परिसर में स्थित मारुति नंदन मंदिर में रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व परियोजना अध्यक्ष हरीश चौधरी ने किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने मंदिर परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाये। साथ ही पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही। मौके पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि पौधारोपण करना आज के समय की आवश्यकता है। यह केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सुरक्षित रखने का माध्यम है। वहीं, परियोजना अध्यक्ष हरीश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे भविष्य की नींव हैं। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास ही एक बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। वहीं, सचिव रोहित कुमार पंसारी, प्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य अतिथि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर प्रशिक्षण




मांडू (आजाद सिपाही)। आगामी मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को सटीक और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को मांडू प्रखंड सभागार में बीएलओ और सुपरवाइजर के बीच एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का सफल संचालन प्रशिक्षक अजीत कुमार ने किया। प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अर्जुन महली, ज्ञानी प्रताप भारती सहित सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे। प्रशिक्षक अजीत कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान मतदाता पुनरीक्षण कार्य से पूर्व वर्ष 2003 के मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग की संपूर्ण प्रक्रिया रिपोर्ट 1 और रिपोर्ट 2 तैयार करने, मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए वैध 11 प्रकार के पहचान पत्र के बारे में बताया। इसके अलावा समसामयिक निर्देश, फर्जी नामांकन की पहचान, सुधार प्रस्ताव प्रक्रिया और डेटा सत्यापन के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बीएलओ व सुपरवाइजर को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना आवश्यक है, ताकि आगामी चुनाव में मतदाता सूची पूरी तरह से अद्यतन और सटीक हो। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अर्जुन महली ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को प्रेरित करते हुए कहा कि सही मतदाता पुनरीक्षण कार्य से लोकतंत्र की मजबूती होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया-बहनों के बीच अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसका प्रचार-प्रसार करना प्रत्येक भारतीय नागरिकों का कर्तव्य है। निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, सभी विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम के साथ-साथ अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर चार वर्गों-शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग में निर्धारित शब्द सीमा में निबंध लेखन की प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें शिशु वर्ग-महाकुंभ का आंखों देखा या कानों सुना रोमांचक वर्णन, बाल वर्ग-महाकुंभ का पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व, किशोर वर्ग-महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन एवं तरुण वर्ग- महाकुंभ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस प्रतियोगिता में चयनित निबंध को प्रांतीय स्तर फिर अखिल भारतीय स्तर पर सम्मिलित कराया जायेगा। अखिल भारतीय स्तर पर चयनित निबंध को विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्कृति संस्थान के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इस निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य डॉ गायत्री कुमारी, मिथिलेश कुमार खन्ना, राकेश कुमार सहाय, बच्चूलाल तिवारी, सेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह, गौतम कुमार, उषा कुमारी, श्वेता पंडा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## स्व. गहन टुडू का 6वां शहादत दिवस मना



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बिरसा परियोजना कार्यालय समीप झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय उरीमारी में सोमवार को मजदूर सह विस्थापित नेता स्व गहन टुडू का 6 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान बरका सयाल क्षेत्र के विस्थापित, मजदूर, श्रमिक प्रतिनिधि, सीसीएल पदाधिकारीगण के अलावा कई गणमान्य लोगों ने स्व गहन टुडू के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किये। सर्वप्रथम स्व टुडू की पत्नी, मां और बेटियां ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर विस्थापित नेता दसई मांझी, झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, भाजपा नेता दिनेश करमाली, बिरसा मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, पन्नी बड़की देवी, रेशमी हस्सा, संजय टुडू, सुरेश मुर्मू, सुखु मांझी, रैना टुडू, कृष्णा सोरेन, तालो हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, विनोद सोरेन, पूरन टुडू, बहादुर मांझी, मोहन सोरेन, अनिल मुर्मू, चोपे लाल मांझी, सुचित राम किस्कू, निरंजन किस्कू, अजय बेसरा, खेमलाल बेसरा, रमेश मांझी होरिल प्रजापति, गुदल प्रजापति, कुला प्रजापति, जुगल प्रजापति, दीपक मरांडी, राजेश पटवा, नंदू पवरिया, मीना देवी, पार्वती देवी सहित कई लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

# अब कोयला तस्करों से भी वसूली कर रहा गैंग

## राहुल दुबे गैंग ने भी सोशल मीडिया पर कोयला तस्करों को चेताया

**वसूली गैंग को कोठार में देनी पड़ी मोटी रकम**

**कोयला तस्करी पर नहीं लगी रोक, तो पूरे क्षेत्र में कभी भी बिगड़ सकती है कानून-व्यवस्था**




आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले में कोयला तस्करों की गतिविधि एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। अगर कोयले तस्करी पर लगाम नहीं लगा, तो जिले में कभी भी लॉ एंड आर्डर बिगड़ सकता है। इस अवैध कारोबार में शामिल लोग मोटी रकम की उगाही कर रहे हैं। जिसकी वजह से संगठित आपराधिक गिरोह और वसूली गैंग अब सक्रिय हो गया है। अपराधियों के द्वारा लगातार कोयला तस्करों को धमकियां दी जा रही है। आपराधिक गिरोह तो फोन के अलावा सोशल मीडिया पर भी लिखित रूप से धमकी दे रहे हैं। जिस तरह का माहौल बनता जा रहा है, उसमें ऐसा लग रहा है की खूनी संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। अपराधी अगर खुलेआम सड़क पर उतर आये, तो उनकी भिड़ंत सीधे कोयला तस्करों से होगी।

**वसूली गैंग ने ट्रक रोक कर कोयला तस्करों से वसूले पैसे :** रामगढ़ शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर कोठार पुल के पास वसूली गैंग ने रविवार की देर रात अपनी बाहुबल का परिचय दिया। गैंग में शामिल लोगों ने अवैध कोयला तस्करी में संलिप्त दो ट्रक (जिसका नंबर 7508, 5017) को रोका और घंटों तांडव किया। इस दौरान पुलिस को भी सूचना दी गयी, लेकिन कोई टीम वहां नहीं पहुंची। अंततः कोयला तस्करों को मोटी रकम वसूली गैंग को देनी पड़ी। इस तरह की परंपरा की शुरुआत हुई है, जिससे कभी भी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

**राजनीतिक दलों ने भी अवैध कारोबार पर उठाये सवाल :** कांग्रेस पार्टी ने भी कोयले की अवैध तस्करी के मुद्दे को उठाया है। मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और रामगढ़ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने जिले के तमाम अधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। अधिकारियों को दिये गये पत्र में उन्होंने कहा है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से कोयले की तस्करी हो रही है, जिससे विधि व्यवस्था भंग हो रही है। जब से तस्करी शुरू हुई तब से आपराधिक घटनाएं भी लगातार घट रही हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर कोयले की तस्करी पर लगाम नहीं लगाया जाता है, तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### राहुल दुबे ने दी कोयला तस्करों को खुली चुनौती

कुख्यात अपराधी के रूप में पनपे राहुल दुबे ने कोयला तस्करों को खुली चुनौती दे दी है। उसने सोशल मीडिया पर फरमान जारी किया है। कोयला तस्करों को रंगदारी देने को कहा है। कुजू ओपी के बनवार रेलवे साइडिंग क्षेत्र, करमा महुआ टांड़, हेसागड़ा शनि मंदिर, रजरप्पा थाना क्षेत्र, गोला, अरगड्डा काजू बगान, मांडू थाना क्षेत्र का मांडू, हेसागड़ा तीन नंबर, पुंडी, वेस्ट बोकारो क्षेत्र के केदला, 6 नंबर सहित गिद्दी थाना, रामगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में काम करने वाले कोयला तस्करों को चेताया हैं। राहुल दुबे ने कहा कि कोयला खनन और चोरी किसके इशारे पर चल रही है, उसे पता है। राहुल दुबे ने वार्निंग देते हुए कहा है कि कोयला तस्कर उनसे मिलकर ही फायदे में रह सकते हैं, नहीं तो उनकी सुरक्षा कोई नहीं कर सकता।

# पांच दिनों से बंद पड़े करमा लोकल रोड सेल सीसीएल प्रबंधन की पहल पर चालू

**वार्ता में 30 सितंबर तक दंगल संशोधन पर बनी सहमति**

**सीसीएल को अब तक दो करोड़ रुपये का नुकसान**



आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सीसीएल प्रबंधन, करमा के सकारात्मक पहल के बाद गत पांच दिनों से बंद पड़े लोकल रोड सेल आखिरकार सोमवार को सुचारू रूप से चालू हो गया। इधर, रविवार की देर संध्या करमा पीओ कार्यालय में पीओ रामेश्वर मुंडा की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें सेल समिति के अध्यक्ष रामेश्वर महतो सहित सदस्य और रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा सुगिया के सदस्य रवि मुंडा के अलावे प्रतिनिधि मंडल शामिल रहे। करीब तीन घंटे लंबी चली वार्ता में दोनों पक्षों ने एक दूसरे को सहयोग करने पर सहमति जताया। साथ ही, मोर्चा द्वारा 556 दंगल को पूर्ण रूप से खारिज किये जाने पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिस पर शुरुआती दौर में समिति के सदस्यों ने मांग को पूरा करने में आनाकानी किया। इस बीच पीओ रामेश्वर मुंडा के हस्तक्षेप पर आगामी 30 सितंबर तक दोनों पक्षों ने उक्त मांग पर दंगल संशोधन करने पर सहमति जताया। वहीं, मोर्चा के सदस्य रवि मुंडा ने स्पष्ट से रूप से कहा कि हमारे मांगों पर पहल नहीं होने की स्थिति पर एक अक्टूबर से सेल को पुनः बाधित कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधन व सेल समिति की होगी। इधर सुचारू रूप से सेल चालू होने के बाद 18 ट्रकों के बुकिंग होने साथ लोडिंग का कार्य हुआ। वहीं, सेल समिति के कार्यालय में लगे ताला को खोला गया। जबकि कोलियरी में पूर्व की तरह चहल-पहल देखने को मिला। वहीं, सीसीएल को अब तक दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। चर्चा है कि करमा पीओ रामेश्वर मुंडा की सक्रियता की वजह से 5 दिनों से बंद पड़े लोकल रोड सेल चालू हो सका है। ट्रक मालिक, डीओ धारक और स्थानीय लोगों ने पीओ का आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि गत 10 सितंबर को रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा सुगिया के द्वारा सेल समिति के बाहरी 556 दंगल को खारिज कर 147 स्थानीय दंगल को जोड़ने की मांग को लेकर सेल कार्यालय बंद करते हुए कार्य को बाधित कर दिया था। वार्ता में प्रबंधन की ओर से सेल ऑफिसर विक्की राम, सेल समिति के खगेश्वर महतो, मोहरलाल महतो, अब्दुल कुदूस, सहदेव महतो, पुनित करमाली, राजनाथ महतो, बिरबल मुंडा, प्रेमचंद मुंडा के अलावे मोर्चा की ओर से हीरालाल मुंडा, प्रकाश मुंडा, बिरसा मुंडा, योगेंद्र महतो, अनुप कुमार, रामकिशुन कुमार, अजय मुंडा, संजय महतो, राजेंद्र टुडू, विनय मुंडा समेत कई शामिल रहे।

## कुंदरु खुर्द गांव में बनेगा खेल मैदान



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी विकास तेजी से होगा। रामगढ़ डीसी के निर्देश पर अंचल अधिकारी रमेश रविदास कुंदरु खुर्द गांव पहुंचे। अंचल की पूरी टीम यहां खेल मैदान के लिए जमीन चिन्हित करने पहुंची थी। गांव वालों के साथ बात कर अंचल अधिकारी ने लगभग डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन चिन्हित की है। जिसका रिपोर्ट भी वे डीसी को भेजेंगे। अंचल अधिकारी ने बताया कि कुंदरु खुर्द मौजा का खाता नंबर 137 प्लॉट नंबर 2096, 3 एकड़ 61 डिसमिल का बड़ा प्लॉट है। इस सरकारी जमीन पर फिलहाल 1.5 एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया है। वहां पर जरूरत पड़ने पर और जमीन भी उपलब्ध हो सकता है, ताकि एक बेहतर खेल मैदान का निर्माण हो सके।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पंजाबी हिंदू बिरादरी के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 22 सितंबर को कलश स्थापना के साथ होगा। माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने बताया कि नवरात्र पूजन 22 सितंबर से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान हर्ष आनंद व उनकी पत्नी निशु आनंद होंगे। 29 सितंबर को मंदिर परिसर में नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ द्वारा माता की चौकी में भजन कीर्तन किया जायेगा। वहीं, 30 सितंबर को हवन, कंजक पूजन होगा। एक अक्टूबर को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नवरात्र कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

## एसपी ने की मासिक अपराध की समीक्षा बैठक, थानेदारों को दिया टास्क

# त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को करें पुख्ता : अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी अजय कुमार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों से क्षेत्रवार जानकारी लिया। जिसके बाद उन्होंने थाना प्रभारियों को अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने का निर्देश दिया। साथ ही त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडों का निष्पादन अविलंब करने का निर्देश दिया। इसके अलावा गांजा और डोडा के कारोबार पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया। इसके अलावा न्यायालय का कोई भी मामला पेंडिंग नहीं रखने को लेकर निर्देशित किया।



### कौन-कौन थे उपस्थित

बैठक में मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ प्रमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रजत कुमार, पतरातु सर्किल इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, गोला सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार सिंह, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पतरातू थाना शिवलाल गुप्ता, मदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, बरलंगा ओपी प्रभारी अशोक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**जेल से बाहर निकले अपराधियों पर रखें नजर, संदिग्ध गतिविधि मिलने पर करें कार्रवाई :** बैठक में एसपी अजय कुमार ने कहा कि लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि अपराध में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील काण्डों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने रखें। संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना में आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करें। साथ ही उनका पीड़ा गंभीरता पूर्वक समझें और तत्काल निपटारा करने का पूरा प्रयास करें।

## मुखिया ने फुटबॉल मैच का किया उद्घाटन



कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के मुखिया भरत यादव ने युवाओं को मैच खेलने के लिए फुटबॉल देकर और किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। मुखिया ने बताया कि अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी है। इसके लिए उलवार, सिंदूरी, इचाक, रेंगैनीयातरी गांव से युवा खिलाड़ी को मैच खेलने के साथ ही अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए ही रेंगैनीयातरी गांव के खेल मैदान में एकत्रित होकर सभी गांवों के युवाओं के बीच मैच खेला गया। इस प्रयास से गांव के बाद इन खिलाड़ियों ने प्रखंड स्तरीय मैच जीतकर इस पंचायत का नाम रौशन करेंगे और अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे।

## राजद प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार



कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)। सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमिटी विस्तार को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक देवी मंडप के प्रांगण में हुई। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद यादव, राजद महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश और युवा नेता मुकेश भोक्ता मौजूद थे। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शारदा देवी, पर्यवेक्षक विष्णुदेव अंगार व मनीष कुमार की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप यादव, कमलेश भोक्ता और उपेंद्र ठाकुर को उपाध्यक्ष, सुरेश महतो को प्रधान महासचिव, भरत यादव, नगीना गंझू, रंजीत यादव, अशोक यादव, विश्वनाथ गंझू, उमेश विश्वकर्मा, राजेश यादव को महासचिव, अरुण यादव, प्रवीण पासवान, बिहारी गंझू, दिनेश साव, सतेंद्र यादव, चूरामन दास को सचिव, मुद्रिका प्रसाद यादव को प्रखंड प्रवक्ता, अनिल कुमार यादव को कोषाध्यक्ष के अलावा महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष शिवानी कुमारी, उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, सचिव वैजयंती देवी, कोषाध्यक्ष सवंती देवी को बनाया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष दिलीप प्रसाद यादव, राघवचंद यादव, पृथ्वी गंझू, श्याम भोक्ता, निर्मल भोक्ता अनिल यादव, अशोक यादव सुनीता देवी, नागेंद्र यादव, संजय यादव, सुरेंद्र पासवान, अनुराग यादव, ईश्वर यादव के अलावा कई अन्य लोग मौजूद थे।

## वज्रपात से किसान की मौत

प्रतापपुर/चतरा (आजाद सिपाही)। वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गयी। यह दुखद घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के दुली बिगहा गांव की है। जहां किसान कुलदीप यादव (पिताः शिवनंदन यादव) अपनी धान की फसल की सिंचाई कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय अचानक मौसम बिगड़ा और तेज गरज के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से कुलदीप यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अगले दिन सुबह सदर अस्पताल चतरा भेजा जायेगा। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। यह घटना किसानों और ग्रामीणों के लिए एक चेतावनी है कि वे खराब मौसम में खुले में काम करने से बचें।

## ट्रेन में हुई छिनतई, युवक घायल

पतरातू (आजाद सिपाही)। बीडी ट्रेन से पतरातू आ रहे एक युवक से छिनतई करने वालों ने चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक लकी मुंडा, पिता विनोद मुंडा, खलारी निवासी ने बताया कि वह बीडी ट्रेन में सवार होकर सोलिया गांव अपने दोस्त के घर जाने के लिए पतरातू आ रहा था। इसी दौरान ट्रेन में छिनतई करने वालों ने उसका मोबाइल फोन छीनने लगे। साथ ही उन्होंने उसे ट्रेन से धक्का दे दिया। कहा कि जब उसे होश आया तो तो अपने आप को किरीगड़ा रेलवे ट्रैक के पास पाया। घटना रविवार की रात लगभग 11:30 बजे की है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को मिलने के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू भेजवाया। जहां पर डॉ अमित तिर्की ने प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया है।

## पीवीयूएनएल पतरातू में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएनएल पतरातू में इस वर्ष भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 सितम्बर तक आयोजित होगा। इस अवधि में विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित कर कर्मचारियों और परिवारजनों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को परियोजना परिसर में हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सेहगल ने महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया और हिंदी को कार्य और संवाद की भाषा बनाने की शपथ दिलायी।

## बाइक चोरी के संदेह में एक हिरासत में

गोला (आजाद सिपाही)। गोला थाना पुलिस ने सोमवार को बाइक चोरी के संदेह में कई लोगों को हिरासत में लिया है, पूछ ताछ जारी है। उसके निशानदेही पर संभावित ठिकानों में पुलिस छापामारी कर रही है। बताया जाता है कि रकुवा से चोरी की एक बाइक रांची से बरामद होने के बाद एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ा। वहीं बाइक खरीदने वाले दो लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

## रेल टेका आंदोलन की तैयारी बैठक आज

गोला(आजाद सिपाही)। रजरप्पा चौक स्थित डाकबांग्ला परिसर में मंगलवार को कुरमी समाज की बैठक आहूत की गयी है। इस बैठक में आगामी बीस सितम्बर को रेल टेका में भाग लेने से संबंधित चर्चा की जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए समाज के लोगों ने बताया कि कुरमी समाज पहले आदिवासी था। लेकिन एक षड्यंत्र के तहत उसे आदिवासी सूची से हटा दिया। इसी की मांग को लेकर आंदोलन तेज किया जा रहा है। पिछले दिनों दिल्ली जंतर मंतर में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया था। इसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में कुरमी समाज के लोग शामिल हुए थे। बैठक में समाज के लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-कोच-आर-10-25, दिनांक 12.09.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-कोच-आर-10-25, दिनांक 12.09.2025 के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 06.10.2025 को 16.00 बजे या उसके बाद है: कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम: रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 1, 2 एवं 3, 4 और 5 पर कोच चार्जिंग सुविधा का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 22,58,261.28, बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: रु. 45,200/-, निविदा की अंतिम तिथि व समय: 06.10.2025 को 16.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-626)

# नेपाल की अंतरिम सरकार से संतुलन की उम्मीद

करीब हफ्तेभर की उथल-पुथल के बाद नेपाल का फिर से शांति की ओर बढ़ना अच्छी खबर है। नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की बेदाग छवि और संतुलित नजरिये के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में वहां जल्द चुनाव होने और हालात के सामान्य होने की उम्मीद है।

**बेदाग छवि :** सुशीला कार्की नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। उनके पास राजनीतिक अनुभव बेहद कम है। इसके बावजूद जेन-जेड ने उनके नाम पर सहमति जतायी, क्योंकि बाकी राजनेताओं से उसका भरोसा उठ चुका है। कार्की भ्रष्टाचार विरोधी सख्त रुख के लिए जानी जाती हैं और नेपाल की नयी पीढ़ी को उनसे आस है कि वह करप्शन को खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठायेंगी।

**चुनाव का एलान :** सुशीला कार्की के लिए इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना आसान नहीं। उनके सामने ऐसा देश है, जिसकी व्यवस्था उखड़ चुकी है। उन्हें हालात को संभालने के साथ ही राजनीतिक स्थायित्व भी प्रदान करना है। अच्छी बात यह है कि अंतरिम सरकार के गठन के साथ ही अगले साल मार्च में चुनाव कराने का भी एलान कर दिया गया। नेपाल ने इस मामले में बांग्लादेश से सबक लिया।

**भारत-नेपाल की सीमाएं ही नहीं जुड़तीं, दोनों की संस्कृति, रहन-सहन, खानपान भी बहुत हद तक साझा है, लेकिन, केपीएस ओली के दौर में दूरी साफ महसूस की जा सकती थी। वह नेपाल को धीरे-धीरे चीन की तरफ शिफ्ट कर रहे थे।**

**ढाका में भी जन :** आंदोलन ने चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंका था। हालांकि एक साल से ज्यादा वक्त बाद भी तय नहीं हो सका है कि चुनाव कब होंगे। इससे वही अनिश्चितता और बेचैनी फिर पैदा हो रही है, जिससे उबरने के लिए जनता सड़कों पर उतरी थी।

**भारत के हक में स्थायित्व :** नेपाल का जल्द से जल्द सामान्य होना भारत के लिए भी अच्छा होगा। दोनों देश आपस में इस कदर जुड़े हैं कि काठमांडू की कोई भी हलचल नयी दिल्ली में महसूस हुए बिना नहीं रह सकती। फिर पड़ोस में स्थायित्व इसलिए भी जरूरी है, ताकि दूसरे तत्वों को फायदा उठाने का मौका न मिले। बांग्लादेश की अस्थिरता का उदाहरणसामने है, जहां पाकिस्तान अब भारत विरोधी नैरेटिव बनाने में लगा हुआ है।

**रिश्तों में बैलेंस :** भारत-नेपाल की सीमाएं ही नहीं जुड़तीं, दोनों की संस्कृति, रहन-सहन, खानपान भी बहुत हद तक साझा है, लेकिन, केपीएस ओली के दौर में दूरी साफ महसूस की जा सकती थी। वह नेपाल को धीरे-धीरे चीन की तरफ शिफ्ट कर रहे थे। यहां तक कि लिपुलेख का मुद्दा भी उन्होंने चीन के सामने उठाया। इससे नेपाल में ही वह वर्ग बहुत नाराज था, जो पेइचिंग को संशय की नजरों से देखता है। सुशीला कार्की से द्विपक्षीय रिश्तों में ज्यादा बैलेंस की उम्मीद है। मणिपुर से पीएम नरेंद्र मोदी का नेपाल को संदेश देना इस रिश्ते की अहमियत बताता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने, तो वे अपने साथ गुजरात में एक दशक के राज्य-स्तरीय शासन से विकसित हुए कामकाज के एक नए दर्शन को लेकर आये। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने इस बात को बारीकी से देखा कि योजनाएं अंतिम छोर पर क्यों विफल या सफल होती हैं और फिर एक ऐसे दृष्टिकोण को परिष्कृत किया जिसने उन्हें शासन के केन्द्र में महज नीति-निर्माण के बजाय क्रियान्वयन को रखने वाला पहला प्रधानमंत्री बनाया।**

# मोदी का शासन: गुजरात मॉडल से भारतीय मॉडल तक



**मनसुख एल मांडविया**



लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने वाले बहुत ही कम नेताओं ने किसी राज्य में मुख्यमंत्री का दायित्व भी संभाला है। देश के ज्यादातर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्तर के नेता रहे हैं और उनके पास संघीय स्तर पर काम करने का अनुभव बहुत ही कम रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसके चंद अपवादों में से एक हैं। जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने, तो वे अपने साथ गुजरात में एक दशक के राज्य-स्तरीय शासन से विकसित हुए कामकाज के एक नए दर्शन को लेकर आये। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने इस बात को बारीकी से देखा कि योजनाएं अंतिम छोर पर क्यों विफल या सफल होती हैं और फिर एक ऐसे दृष्टिकोण को परिष्कृत किया जिसने उन्हें शासन के केन्द्र में महज नीति-निर्माण के बजाय क्रियान्वयन को रखने वाला पहला प्रधानमंत्री बनाया।

बिजली से लेकर बैंकिंग और कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के मामले में, इस दर्शन ने तब से आज तक भारतीय राज्य द्वारा अपने नागरिकों की सेवा करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

**अनुभव के आधार पर विकसित क्रियान्वयन :** नीतिगत केंद्रबिंदु के रूप में क्रियान्वयन में नरेंद्र मोदी के दृढ़ विश्वास को, बिजली क्षेत्र से संबंधित उनके दृष्टिकोण में देखा जा सकता है। गुजरात में, उन्होंने देखा कि गांवों में खंभे और लाइनें तो हैं, लेकिन वास्तव में बिजली नदारद है। इसका समाधान उन्होंने ज्योतिग्राम योजना के रूप में निकाला, जिसके तहत फीडरों को अलग किया गया, ताकि घरों को 24 घंटे बिजली मिल सके और खेतों को बिजली का एक निश्चित हिस्सा मिल सके।

**गुजरात ने नरेंद्र मोदी को यह भी दिखाया कि प्रगति किस प्रकार केंद्र और राज्य के बीच समन्वय पर निर्भर करती है।**

प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिए इस सिद्धांत को आगे बढ़ाया। इस योजना के जरिए 18,374 गांवों को भरोसेमंद तरीके से बिजली उपलब्ध करायी गयी। वर्ष 2023 तक आते-आते, बिजली की यही आपूर्ति सामूहिक रूप से 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 29 प्रतिशत का योगदान करने वाले देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रीढ़ बन गयी।

बैंकिंग क्षेत्र में भी इसी सिद्धांत को फिर से दोहराया गया। कागजों में तो ग्रामीण परिवारों के बैंक में खाते थे, लेकिन व्यवहार में वे निष्क्रिय थे।

जन-धन ने इस स्थिति को बदल दिया। आधार और मोबाइल फोन को व्यक्तिगत बैंक खातों से जोड़ कर, एक कमजोर पड़ी व्यवस्था को सीधे धन हस्तांतरण की बुनियाद बना दिया गया। इससे धन बिना किसी बिचौलिए के नागरिकों के हाथों में पहुंचा, बर्बादी पर लगाम लगी और सरकारी खजाने को भारी रकम की बचत हुई। इसके बाद आवास क्षेत्र की बारी आयी। प्रधानमंत्री आवास योजना ने भुगतान को निर्माण कार्यों से जोड़ा, उनकी निगरानी के लिए जियो-टैगिंग का इस्तेमाल किया और बेहतर डिजाइन पर जोर दिया। पिछली सरकारों के अधूरे घरों के उद्घाटन के चलन को पलटते हुए, पहली बार लाभार्थियों को पूरी तरह निर्मित और रहने लायक घर मिले।

**फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में संघीय प्रणाली :** गुजरात ने नरेंद्र मोदी को यह भी दिखाया कि प्रगति किस प्रकार केंद्र और राज्य के बीच समन्वय पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, यह सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद का दर्शन बन गया। दशकों से अटके पड़े वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को राज्यों के साथ आम सहमति बना कर पारित किया गया। जीएसटी परिषद ने राजकोषीय संवाद को संस्थागत रूप दिया और एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार का निर्माण किया। इसके अलावा उन्होंने राज्यों को हस्तांतरित किए जाने वाले केंद्रीय करों का हिस्सा बढ़ाया। इससे राज्यों को अपनी प्राथमिकताएं तय करने में ज्यादा वित्तीय गुंजाइश एवं स्वायत्तता मिली। साथ ही उन्होंने व्यापार में सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग करके और सुधारों को पुरस्कृत करके प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ावा दिया। इन बदलावों ने राज्यों को न सिर्फ धन प्राप्त करने वाले के रूप में, बल्कि भारत की विकास गाथा में हितधारक के रूप में भी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बुनियादी ढांचे के मामले में गुजरात के बीआईएसएजी मानचित्रण से संबंधित प्रयोगों को पीएम गति शक्ति के रूप में विस्तारित किया गया, जहां 16 मंत्रालय और सभी राज्य अब एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 1400 परियोजनाओं की योजना बना रहे हैं। इससे अनुमोदन में लगने वाले समय में कमी आ रही है और क्रियान्वयन में सामंजस्य स्थापित हो रहा है।

**उत्पादकता के रूप में कल्याण :** नरेंद्र मोदी के लिए, कल्याणकारी योजनाएं हमेशा उत्पादकता से जुड़ा निवेश रही हैं जिनका उद्देश्य इनके लाभार्थियों को सशक्त बनाना है। गुजरात के कन्या केलवणी नामांकन अभियान ने महिला साक्षरता को 2001 के 57.8 प्रतिशत से बढ़ा कर 2011 तक 70.7 प्रतिशत कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर, इसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में परिवर्तित किया गया। इस कार्यक्रम का संबंध बाल लिंगानुपात में सुधार से है, जो 2014 के 918 से बढ़ कर 2023 तक 934 हो गया। लड़कियों के स्कूल जाने से उनकी शादी देर से होती है, उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है और दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ती है। इससे वे वेतनभोगी कार्यबल में प्रवेश कर सकी हैं और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी ढंग से भाग ले रही हैं।

मातृ स्वास्थ्य का भी उतना ही ध्यान रखा गया। गुजरात की चिरंजीवी योजना ने संस्थागत प्रसवों पर सब्सिडी दी, जिससे मृत्यु दर में कमी आयी। केंद्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने मातृत्व लाभ और पोषण को जोड़ा। इससे तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को सहायता मिली। इसका मार्गदर्शक विचार एक ही था: सामाजिक व्यय से निर्बलता में कमी आनी चाहिए, विकल्प बढ़ने चाहिए और भावी कार्यबल की क्षमता बढ़नी चाहिए।

**निवेशकों और नागरिकों का विश्वास :** शायद, गुजरात मॉडल का सबसे सूक्ष्म प्रभाव मानसिकता में बदलाव है।वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलनों ने दिखाया कि कैसे निरंतर जुड़ाव धारणाओं को बदल सकता है। एक राज्य को निवेशकों की नजर में एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य बना सकता है और नौकरशाहों को व्यवसाय के अनुकूल बना सकता है। इसी अनुभव ने मेक इन इंडिया को आकार दिया, जिसने सुव्यवस्थित मंजूरियों, भूमि गलियारों और बुनियादी ढांचे की तैयारी के जरिए विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी। वर्ष 2014 और 2024 के बीच, भारत ने 83 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आकर्षित किया, जो इसकी कार्यान्वयन क्षमता और दीर्घकालिक विश्वसनीयता में भरोसे का संकेत देता है। नागरिकों के स्तर पर उम्मीदें बदल गयीं। पहले, योजनाओं का मूल्यांकन घोषणाओं से होता था।

आज, आम भारतीय यह मानकर चलते हैं कि सरकार द्वारा समर्थित बिजली, शौचालय, बैंक खाते, सब्सिडी वाली गैस जैसी आवश्यक वस्तुएं वास्तव में उन तक पहुंचेंगी। इस तरह की चुपचाप की गयी सेवाओं की आपूर्ति और सुविधाओं के सामान्यीकरण ने एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति का निर्माण किया है, जहां वादों को उनके क्रियान्वयन से मापा जाता है, न कि उनके इरादों से। कई मायनों में, यह बढ़ी हुई उम्मीद गुजरात मॉडल की सबसे ठोस विरासत है।

**विकसित भारत 2047 की ओर :** 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' महज एक नारा भर नहीं है। इसकी छाप रोजमर्रा की जिंदगी में साफ दिखायी देती है: बिजली अब लक्जरी नहीं रही, कल्याण सीधे तौर पर उपलब्ध हो रहा है, बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाएं डिजिटल समन्वय से बनायीं जा रही हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा दिखावे के बजाय मापने योग्य नतीजों की दृष्टि से डिजाइन की गयी है। यह अब एक ऐसा भारतीय मॉडल है, जिसने शासन को अंतिम छोर तक पहुंचाया है और देश के कोने-कोने में जनजीवन को प्रभावित किया है।

जब भारत 2047 तक विकसित भारत बनने का अपना लक्ष्य हासिल करेगा, तो ऐसा इसलिए संभव हो सकेगा, क्योंकि एक प्रधानमंत्री ने शासन को ही नये सिरे से परिभाषित किया है। क्रियान्वयन को प्रशासन की कसौटी बना कर, उन्होंने भारत की विशाल मशीनरी को वादों से हटा कर काम करने वाली मशीनरी में बदल दिया है। यही छाप, जिसका परीक्षण पहले गुजरात में हुआ और जो फिर पूरे देश में फैला नरेंद्र मोदी की निर्णायक विरासत है।

**(लेखक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री हैं, ये उनके निजी विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को मिलेगा मेडिकल-इंजीनियरिंग की तैयारी का अवसर



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिला प्रशासन ने चांडिल कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के लिए एक नयी शैक्षणिक पहल की शुरूआत की। जिसके तहत उन्हें मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मौका मिलेगा। इस योजना को कोटा स्थित कैरियर प्वाइंट संस्थान के सहयोग से लागू किया गया। चांडिल स्थित विद्यालय की छात्राओं को नीट (मेडिकल) की तैयारी करायी जायेगी। वहीं गम्हरिया स्थित विद्यालय की छात्राओं को आइआइटी-जेइइ (इंजीनियरिंग) परीक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। डीसी नितिश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा आइआइटी और मेडिकल जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी 12वीं कक्षा से ही प्रारंभ होनी चाहिए। ताकि छात्राएं समय रहते सही दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा इस पहल से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिलेगा। जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। करियर प्वाइंट संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया उनके उज्ज्वल कदम कार्यक्रम के तहत झारखंड में अब तक 40 फीसदी से अधिक छात्र-छात्राएं सरकारी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में चयनित हुए हैं। यह पहल सरायकेला जिला प्रशासन की बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मौके पर अपर नगर आयुक्त रवि प्रकाश, उप नगर आयुक्त पारुल सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा, विद्यालय की प्राचार्य, वार्डन और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गणेश महली के जनता दरबार में उमड़ी भीड़ समस्याओं को समाधान का दिया भरोसा



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह झामुमो नेता गणेश माहली ने आवासीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। सोमवार को जनता दरबार में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने पेंशन, राशन, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत समस्याएं रखीं। गणेश माहली ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कई मामलों में तत्काल संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित लोगों को आवेदन पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा यह केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं बल्कि जनसेवा का संकल्प है। जनता की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों से संवाद कर समस्याओं का समाधान करना ही पहली प्राथमिकता है। मौके पर जनता दरबार में शामिल हुए नागरिकों ने गणेश माहली की तत्परता और जमीनी जुड़ाव की खुले दिल से सराहना की।

# रंभा सिंह बनी अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की अध्यक्ष

**त्रैवार्षिक सम्मेलन में 200 से अधिक महिलाओं को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी/ जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की त्रैवार्षिक बैठक सह आठवां अंतरराष्ट्रीय वीरांगना सम्मान समारोह वाराणसी के एक होटल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अमेरिका निवासी रंभा सिंह को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। रंभा सिंह बिहार के कैमूर की मूल निवासी हैं और अमेरिका में महाराणा एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका की संस्थापक अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, निर्वाचन पदाधिकारी सह सीमा परिहार कार्यक्रम की पर्यवेक्षक और नेपाल राष्ट्रीय मधेशी आयोग की सदस्य आभा सेतु सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रो रश्मि सिंह बैस (सतना) को राष्ट्रीय महासचिव, रूपाबा जड़ेजा (ऑस्ट्रेलिया) को अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सरोज सिंह (झारखंड) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में प्रो प्रीति काश्यप (पटना), सुनीता सिंह (मुंबई), प्रतिभा सिंह (पश्चिम बंगाल), डॉ संजू सिंह (दिल्ली) और वंदना सिंह (मध्यप्रदेश) को चुना गया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय वीरांगना सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश से आई 200 से अधिक महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए अलंकृत किया गया।मुख्य सम्मानित हस्तियों में मीनाक्षी सिंह (सतना) मिस यूनिवर्स टीन एज, रानी पद्मावती सौंदर्य सम्मान 2025, प्रतिभा सिंह (कोलकाता) प्रसिद्ध पार्श्वगायिका, सरस्वती स्वर सम्मान के आलावे 11 बेटियों को वीरांगना प्रतिभा सम्मान और अन्य महिलाओं को रानी दुर्गावती शौर्य सम्मान, रानी पद्मिनी शौर्य सम्मान,नारी शक्ति सम्मान जैसे प्रतिष्ठित अलंकरणों से नवाजा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ. एम.एस. सिंह 'मानस' ने की। स्वागत भाषण नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंभा सिंह,संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय महासचिव प्रो रश्मि सिंह बैस ने की।

# बिष्टुपुर में बंगीय उत्सव समिति की वार्षिक और 'बंग बंधु' चर्चा सभा का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर स्थित मिलनी हॉल में बंगीय उत्सव समिति की वार्षिक सामान्य सभा एवं 'बंग बंधु' चर्चा सभा का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। सोमवार को कार्यकारी अध्यक्षा अपर्णा गुहा की अध्यक्षता में हुई सभा का संचालन महासचिव उत्तम गुहा ने की। कोषाध्यक्ष अमित कुमार माइती ने 2025 के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। जिसे लेखा परीक्षक अमित बोस ने प्रमाणित किया। सभा में निर्णय लिया गया बंगीय उत्सव-2026 आगामी 10 और 11 जनवरी को बिस्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित किया जाएगा। सभा के दूसरे चरण में 'बंग बंधु' की आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गयी। आगामी 21 सितम्बर (महालया) को टेल्को स्थित सबुज कल्याण संघ में वृद्धाश्रम की माताओं के लिए नए वस्त्र, दैनिक उपयोग की सामग्री व मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की जायेगी। दीपावली से पूर्व शालबनी आश्रम के बच्चों और वरिष्ठ जनों को वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर अशोक दत्ता, प्रणव सरकार, टुबलु राय चौधरी, देबजीत सरकार, नवनीता पात्र, सौरभ चटर्जी समेत समिति के कई सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बारीगोड़ा फाटक से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण को मिली हरी झंडी


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने बारीगोड़ा रेलवे क्रॉसिंग से गोविंदपुर तक 2.7 किमी सड़क निर्माण के लिए जरूरी एनओसी को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम से वार्ता की।सांसद ने बताया रेलवे की भूमि पर होने के कारण एनओसी के अभाव में सड़क निर्माण रुका हुआ था, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। उन्होंने दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए एनओसी को जनहित में आवश्यक बताया। रेल महाप्रबंधक ने सांसद को भरोसा दिलाया निर्माण कार्य की अनुमति दी जा चुकी है। प्रक्रिया 1-2 दिन में पूरी कर ली जायेगी। किसी स्थानीय रेलवे अधिकारी द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा। इसके बाद सांसद महतो ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय और संवेदक मंगोतिया कंस्ट्रक्शन से बात कर कार्य तत्काल शुरू करने की बात कही। अधिकारियों ने त्वरित गति से काम शुरू करने का आश्वासन दिया, ताकि दुर्गा पूजा से पूर्व सड़क कम से कम चलने लायक बन सके।

# एकलव्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति पर उठे सवाल, उच्चस्तरीय जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर/ पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। सोमवार को सामाजिक संगठन झारखंड पुनरुत्थान अभियान के प्रतिनिधियों ने पोटका विधायक संजीव सरदार को ज्ञापन सौंप कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षक नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन संख्या 16.41 की शर्तों के अनुसार पूर्वी सिंहभूम के स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जानी थी। लेकिन चयन प्रक्रिया में अन्य जिलों के उम्मीदवारों को तरजीह दी गयी। संगठन ने इसे न केवल विज्ञापन के प्रावधानों का उल्लंघन बताया, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 के खिलाफ भी करार दिया।उन्होंने कहा इस प्रक्रिया से जिले के स्थानीय बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय हुआ। इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की नियुक्ति प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच कर इसे तत्काल निरस्त किया जाए और नये सिरे से पारदर्शी प्रक्रिया अपनायी जाए। विधायक संजीव सरदार ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया वे इस विषय को गंभीरता से लेंगे और सरकार व संबंधित विभागों के समक्ष स्थानीय युवाओं के हित में मुद्दा उठाएंगे।

# एमजीएम अस्पताल के कारण रिहायशी इलाकों में परेशानी न हों, यह सबकी जिम्मेदारी : सरयू राय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय की अगुवाई में एमजीएम अस्पताल प्रबंधन के साथ अहम बैठक हुई। सोमवार को बैठक में मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में तय हुआ अब अस्पताल परिसर में ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मेडिकल वेस्ट फेंकने की व्यवस्था की जायेगी। ताकि हिल व्यू कॉलोनी और रिपीट कॉलोनी जैसे रिहायशी इलाकों को राहत मिल सके। विधायक श्री राय ने कहा अस्पताल से निकलने वाला कचरा इन कॉलोनियों की सीमा पर फेंका जा रहा था। जिसके कारण लोग दुर्गंध और गंदगी से परेशान हैं। विधायक ने निर्देश दिया अस्पताल की चारदीवारी के किनारे पेड़ लगाए जाएं, कोई निर्माण कार्य न हो और बाउंड्री को पूरी तरह खाली छोड़ा जाए। विधायक ने आईसीयू निर्माण में हो रही गंदगी और अव्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा निर्माण कार्य के दौरान संस्था ने नाले के ऊपर अस्थायी शौचालय बना दिया और साफ-सफाई की अनदेखी की जा रही। उन्होंने स्पष्ट कहा जब तक निर्माण एजेंसी व्यवस्था ठीक नहीं करती,काम पर रोक लगायी जाए। विधायक ने कहा एमजीएम अस्पताल के कारण रिहायशी इलाकों के लोग किसी भी सूरत में परेशान न हों, यह सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ आरके मंधान, उपाधीक्षक नकुल चौधरी, प्रिंसिपल डॉ दिवाकर हांसदा, डॉ मांझी सहित अन्य अधिकारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## 'कॉफी विद एसडीएम' कल

गढ़वा(आजाद सिपाही)। परंपरागत रूप से लोहे का काम करने वाले श्रमजीवी लोहारों को इस बार 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सामान्यतः यह कॉफी संवाद कार्यक्रम प्रत्येक बुधवार को आयोजित होता है, किंतु इस बार बुधवार को विश्वकर्मा पूजा का अवकाश रहने के कारण इसे मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम के मेजबान सदर एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत उन परिवारों के सम्मान से होगी, जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोहे को गलाकर कृषि औजार, घर-गृहस्थी के सामान तथा अन्य उपयोगी वस्तुएं बनाते हैं। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र, श्रम विभाग, बैंकिंग संस्थान और संबंधित विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## वीर परिवार सहायता योजना का शुभारंभ

गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नयी दिल्ली के तत्वाधान में एवं उच्च न्यायालय झालसा रांची के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा न्यायाधीश कौशल किशोर झा एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार के सानिध्य एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा निभा रंजना लकड़ा के नेतृत्व में वीर परिवार सहायता योजना 2025 का शुभारंभ मुख्य न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्याय मूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कर द्वारा वर्चुअल मोड में वीर परिवार सहायता योजना 2025 का शुभारंभ कर व्यवहार न्यायालय न्याय सदन गढ़वा में लीगल एंड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया।

### सांसद वीडी राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न

# सभी अधिकारी अपने दायित्वों की पूरी जिम्मेदारी के साथ करें निर्वहन : सांसद

**जनपद के समग्र विकास के दृष्टिगत समय सीमा में सभी योजनाएं पूर्ण करें अधिकारी : वीडी राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विष्णु दयाल राम सांसद, पलामू लोक सभा क्षेत्र की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त दिनेश यादव ने सांसद, विधायकगण और विधायक प्रतिनिधियों समेत बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में सांसद द्वारा मुख्य रूप से सड़क निर्माण के तहत विभिन्न विभागों यथा-पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जलपथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर पूर्व में दिये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली गयी एवं समीक्षा के उपरांत संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में उपस्थित जलपथ प्रमंडल, गढ़वा के प्राक्कलन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय तक अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। सांसद श्री राम ने सोन-कनहर पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का कार्य प्राक्कलन की विशिष्टियों के अनुसार निर्धारित समयानुसार पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

सांसद द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी पेयजलापूर्ति योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराते हुए, सभी प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति आरंभ करने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। अब तक कुल मरम्मति करते हुए चालू किये गये नलकूपों की संख्या 1811 बताया गया।

बैठक के दौरान जानकारी देते हुए सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि गढ़वा जिला में वर्तमान समय मे सदर अस्पताल गढ़वा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईलाज की सुविधा दी जा रही है। सभी को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, सभी अस्पतालों में समुचित मात्रा में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश गया। बैठक में विधायक 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सत्येंद्र नाथ तिवारी एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र नरेश सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने कई आवश्यक मुद्दे उठाये एवं कई सुझाव भी दिये।

बैठक में जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा गया मांग पत्र

कांडी (आजाद सिपाही)। जिले के किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर दिशा की बैठक में पलामू सांसद को एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में वर्षों से लंबित कांडी सोन नदी तट पर सोनपुरा गढ़ से लेकर डुमरसोता तक हजारों एकड़ खाली जमीन में सोलर प्लांट लगाने और तटबंध निर्माण कराने की मांग की गयी। लगातार खाद संकट के कारण धान की फसल पीली पड़ रही है और किसान सड़कों पर प्रदर्शन करने को विवश हैं। प्रतिनिधियों ने कांडी, बरडीहा, अहमरबाई व बाकी सिंचाई नहरों का मुद्दा भी उठाया, जहां संवेदक द्वारा निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिये जाने से कई जगह नहरें टूटी हुई हैं, जिससे घर और फसल दोनों को नुकसान हुआ है। इसकी जांच कर संवेदक पर कार्रवाई की मांग की गयी। मांग पत्र सौंपने वालों में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, सुनील चौहान, अशोक ठाकुर सहित कई प्रतिनिधि शामिल थे।

## दिशा की बैठक में विधायक सत्येंद्रनाथ ने कई प्रमुख समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया



दिशा की बैठक में कई प्रमुख समस्याओं की ओर विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें मेराल प्रखंड गोदाम से 2300 क्वींटल अनाज गमन का मामला, प्रिमिटिव ट्राइब्स के लिए डोर स्टेप डिलीवरी में कम राशन और कम महीना का राशन देने का गंभीर आरोप रमकंडा और रंका से संबंधित मामले को उठाया। चिनिया प्रखंड के कई टोला में विद्युतीकरण की समस्या को भी प्रमुखता से उठाने का काम किया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत गढ़वा को भी नियम के विपरीत जाकर पीपी मोड का बहाना देकर के करोड़ों रूपये गमन का मामला एवं जो दुकान लेने वाले लोग थे उन्हें नहीं मिला, इस बात को भी गंभीरता से उठाते हुए अगली बैठक में विज्ञापन के साथ उपस्थित होने को कहा। अनराज सिंचाई योजना में सीजनल मजदूर रखने के बात को भी रखा, ताकि किसानों के खेत तक पटवन पहुंच सके। जल जीवन मिशन की विफलता को भी काफी गंभीरता से रखते हुए कहा कि सरकार कुछ वैकल्पिक व्यवस्था करे, क्योंकि पेयजल का अभी भी हाहाकार मचा हुआ है लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। जहां भी सड़क बन रहा है रैयतों को उचित मुआवजा, भूमि अधिग्रहण बिल के अनुरूप वर्तमान बाजार मूल्य के चार गुना दर से भुगतान हो। सदर अस्पताल गढ़वा की लचर व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने की बात चर्चा में आया सिविल सर्जन ने यथोचित कदम उठाने की भी बात कही।

## अस्मिता किक बॉक्सिंग लीग में गढ़वा की बालिका खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

**एक स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक झटके**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 13 से 14 सितंबर तक रामगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग लीग में विभिन्न जिलों के कुल 234 बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें गढ़वा के बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। जिनमें सुप्रिया कुमारी स्वर्ण पदक, प्रकृति आनंद देव रजत पदक, झूलन कुमारी रजत पदक, शाहीन परवीन रजत पदक, स्नेहा कुमारी कांस्य पदक, आरूषी कुमारी कांस्य पदक, श्रुति कुमारी कांस्य पदक।

सभी पदक विजेता बालिका खिलाड़ियों को मुख्य रूप से बधाई देने वाले पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसई, उपाध्यक्ष जे बी थापा, डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, गणेश यादव, अभय कांत आदि अन्य ने बधाई दी। इसकी जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी।

## जायन्ट्स सेवा सप्ताह 17 से 23 सितंबर तक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा 'आस्था' के तत्वावधान में सोमवार को जायंट्स 'आस्था' के अध्यक्ष विराट राजा विश्वाश की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें जायन्ट्स सेवा सप्ताह आगामी 17 से 23 सितंबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष पूरे विश्व में जायंट्स सेवा सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें जल संरक्षण, वृक्षारोपण, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' स्वास्थ्य संबंधी, भ्रूण हत्या आदि संबंधित कार्य किया जाता है। इसमें जायन्ट्स आस्था के अध्यक्ष- विराट राजा विश्वास, उपाध्यक्ष- अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष- गौतम कुमार गुप्ता, मेडिकल ऑफिसर- डॉ० आशीष कुमार, डॉ० अशोक सोनी, निदेशक- उत्तम जायसवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अंचल दिवस के मौके पर ग्रामीणों की समस्या सुनी गयी

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त के आदेशानुसार विशुनपुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार मे सोमवार को अंचल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भूमि से जुड़ी समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए अधिकारियों की उपस्थिति रही। अंचल दिवस में मुख्य रूप से भूमि सीमांकन, लगान अद्यतन, दखल-कब्जा, जमीन का उत्तराधिकार (आपसी बंटवारा) और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण जैसे मामलों पर सुनवाई की गयी। इस दौरान कुल 4 आवेदन प्राप्त हुए। हालांकि, दूसरे पक्ष की अनुपस्थिति के कारण किसी भी मामले का तत्काल निष्पादन नहीं हो सका। मौके पर विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, अंचल सहायक अमल सिंह, सत्यम सिंह सहित कई अंचल कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## वन विभाग की मिलीभगत से माफिया काट रहे पेड़

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। एक ओर सरकार पौधोरोपण के लिए जोर दे रही है, वहीं वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफिया वन क्षेत्र के जंगलों से हरे वृक्ष धड़ल्ले से काट रहे हैं। लकड़ी माफियाओं द्वारा लगातार बड़े पैमाने पर प्रतिदिन पेड़ काटे जाने से कैलान के जंगलों का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। ग्रामीणों द्वारा पेड़ काटे जाने की सूचना देने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, इससे आजीज आकर कैलान गांव के वन सुरक्षा समिति के सदस्य संजय यादव, सूर्यदेव यादव, जयनाथ सिंह, मुद्रिका यादव, जोगेंद्र यादव, विकास, सुनील, धर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को कैलान नावानगर में लकड़ी माफिया द्वारा बड़े पैमाने पर काटकर रखा गया हरे वृक्षों को जब्त कर इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। कैलान के ग्रामीणों का कहना है कि सरकार पौधे लगाने के लिए जोर दे रही है। इसमें लाखों रुपये भी खर्च कर रही है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से हरे भरे पेड़ पौधा को लकड़ी माफिया धड़ल्ले से काट रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं इस मामले में रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि कैलान के वन क्षेत्र से पेड़ काटे जाने की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम पहुंचकर इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## बीडीएसयू में अभियंता दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार, 15 सितंबर को भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या के जन्मदिन के अवसर पर अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम.के. सिंह ने कहा कि इंजीनियर राष्ट्र के विकास की रीढ़ होते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम.के. सिंह के मार्गदर्शन में सर एम. विश्वेश्वरय्या के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डॉ. पंकज कुमार, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ अजय भूषण प्रसाद एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर राष्ट्र के विकास की रीढ़ होते हैं। उनका दायित्व है कि वे टिकाऊ और जनहितैषी तकनीकों के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने छात्रों से नवाचार और नैतिकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय 2025 की प्रोग्रेस थीम पर डीप इंजीनियरिंग, साइबर सिक्योरिटी और सोलर सिस्टम जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, 'हम एक प्रगतिशील भारत का सपना देख रहे हैं। यह दिवस हमें देश की इंजीनियरिंग क्षमता को सलाम करने और आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने का अवसर देता है।'

इस अवसर पर प्रो मनीष दुबे, ऋतिक द्विवेदी, अरविंद दुबे, राकेश कुमार, आकाश कुमार, सुभाष कुमार, सुमित आनंद, सौरभ अधिकारी सहित विश्वविद्यालय का पूरा परिवार उपस्थित रहा।

## हिंदी देश की प्रतिष्ठा, गौरव और एकता का प्रतीक है : प्रधानाचार्य

**आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में हिंदी दिवस मनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** 15 सितंबर को आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में हिंदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। राजेश कुमार पांडे ने इस दिन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 8वीं की छात्रा निधि प्रिया ने हिंदी में स्वरचित कविता सुनायी। कक्षा 10वीं की छात्रा सान्वीं आनंद ने भाषण दिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी जिसमें 8वीं कक्षा की विभा, इशिका, आराध्या, 9वीं कक्षा की तायिबा, चौथीं कक्षा की तजकिया को उनकी अद्भुत रचनात्मकता के लिए पुरस्कार मिले। विद्यालय के प्रधानाचार्य केआर झा ने अपने संबोधन में मातृभाषा के रूप में हिन्दी के महत्व पर जोर दिया, जो देश को एकजुट करती है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हिंदी देश की प्रतिष्ठा, गौरव और एकता का प्रतीक है।

प्रसिद्ध शिक्षाविद्, लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडे ने कहा कि ऐसे अद्भुत कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और गर्व के साथ हिंदी का उपयोग करने की सलाह दी।

## पतरिया पंचायत में मंईयां सम्मान योजना की भौतिक सत्यापन के लिये ग्राम सभा



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत सचिवालय पतरिया में सोमवार को मंईया सम्मान योजना के लाभुकों की भौतिक सत्यापन को लेकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया पुष्पा देवी ने की। भौतिक सत्यापन के दौरान लाभुकों से आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर लेकर पहचान की गयी। पंचायत सचिव संतोष सिंह ने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कहीं अयोग्य लाभुक इस योजना का लाभ तो नहीं ले रहे हैं। ग्राम सभा में मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। इस दौरान कई महिलाओं ने यह शिकायत भी की कि अब तक उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इसे लेकर उन्होंने सरकार की नीति-नियमों पर असंतोष जताया। इस अवसर पर रोजगार सेवक नरेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रिंस ठाकुर, वार्ड सदस्य कमलेश राम समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण गोशाला समिति की पुरानी कमिटी भंग बनायी गयी तदर्थ समिति, अध्यक्ष बने विनोद

आजाद सिपाही संवाददाता

**तदर्थ समिति का हुआ गठन, 31 दिसंबर तक करना है नयी समिति का चुनाव**

**गढ़वा।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति गढ़वा की रविवार को अपराह्न हुई आमसभा में वर्तमान कमिटी को भंग करते हुये फिर से आमसभा कराकर नया चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। नये समिति के गठन तक एक तदर्थ समिति का गठन किया गया। जिसमें विनोद पाठक को अध्यक्ष तथा उपेंद्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद एक तदर्थ समिति का गठन करते हुये विनोद पाठक को अध्यक्ष एवं उपेंद्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। जबकि विनोद कमलापुरी, कंचन साहू, मयंक तिवारी, नंदलाल प्रसाद, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रवीण जायसवाल, घनश्याम प्रसाद पुतुल, विनोद जायसवाल, सचिन अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, ज्योति प्रकाश, अनिल, राजकुमार, अरविंद, मनोज, विनोद, सुनील, वार्ड पार्षद सुनील को समिति का सदस्य बनाया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार विवेकानंद उपाध्याय व अवधेश कुशवाहा की निगरानी में धर्मनाथ झा को गोशाला की देखरेख का दायित्व दिया गया। आमसभा में आगामी महीनों में लगातार हिंदू के त्योहारों को देखते हुये नयी समिति का चुनाव कर गठन करने के लिये 31 दिसंबर तक का समय दिया गया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे विजय केसरी, विजय प्रताप देव, पीयूष तिवारी, सुरेश केसरी, राजेश कुमार, कमलेश प्रसाद, कमल केसरी, दुदुन उपाध्याय, डॉ पातंजलि केसरी, शंभूनाथ केसरी, संतोष आदि उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** लोहिया समता हाई स्कूल के मैदान में खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स अंडर 14 में 100 मीटर की दौड़ में प्रथम काजल कुमारी, द्वितीय नूरी सभा, तृतीय खुशबू कुमारी, 200 मीटर में प्रथम दीपावली कुमारी बालगढ़, द्वितीय खुशबू कुमारी छाता कुंड, तृतीय नूरी सब्बा, पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार 400 मीटर में प्रथम काजल कुमारी, एथलेटिक्स अंडर 17, 100 मीटर के दौड़ में प्रथम पुष्पा कुमारी, 400 मीटर की दौड़ में प्रथम पुष्पा कुमारी प्लस टू छाताकुंड, 600 मीटर दौड़ में प्रथम अनार कुमारी प्लस टू छाताकुंड। कबड्डी अंडर 17 में प्रथम प्लस टू हाई स्कूल छाताकुंड, द्वितीय स्थान प्लस टू हाई स्कूल परसोडीह अंडर 14 प्रथम, पीएम श्री मध्य स्कूल केतार, अंडर-19 गोला फेंक में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी छाताकुंड, अंडर 17 गोला फेक प्रथम, छोटी कुमारी प्लस टू हाई स्कूल छाताकुंड सेकेंड पुष्पा कुमारी प्लस हाई स्कूल छाताकुंड, तृतीय जूही कुमारी केतार ने सफलता हासिल किया। मौके पर देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, स्वेक्षा कुमारी, अंजली कुमारी, धीरमणि लकड़ा, आशा, गीता कुमारी, प्रेम गुप्ता, रामप्रताप मेहता, बसंत, बीआरपी रमेश नरेश, शैलेश, दीनानाथ मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

## आरके प्लस टू उच्च विद्यालय रंका में खेल प्रतियोगिता आयोजित



रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय के प्रखंड संसाधन केंद्र के आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी विद्यालयों के अंडर -14 (बालक एवं बालिका) वर्ग में दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, रिले दौड़ 4+100 मीटर, लौंग जंप, हाई जंप, शौट पुट, डिस्कस थ्रो, कब्बड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल आदि खेलों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बीपीओ संतोष कुमार दुबे, सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्यक्ष, संजय प्रसाद, शिक्षक धीरज कुमार सिंह, नंदू उरांव, पंकज गुप्ता, प्रताप पांडेय सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय भंडरिया में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में सरकार के निर्धारित खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्य हिरवंती देवी उप प्रमुख सदस्य श्रद्धा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिला परिषद हीरोपंती देवी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, जीत हार से निराश नहीं होना चाहिए। खेलो झारखंड के तहत प्रतियोगिता होते रहता है। खेल इस खेल में उप प्रमुख शारदा देवी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, ने अपने-अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में 100 मी, 200 मी और 300 मी दौड़ के साथ भाला फेंक खेल की शुरूआत किया गया। इस मौके पर बीपीएम रवि शंकर, बिआरसी सत्यनारायण यादव, शिक्षक रतन रंजन, नितेश कुमार वर्मा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मर्दा के टीचर संतोष केसरी, शशि भूषण पंडित, मनाथ करकेटा, मंजू कुजूर, कपिल देव मेहता, शाहिद भंडरिया प्रखंड के सभी विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


स्वास्थ्य विभाग
कार्यालय अधीक्षक, इटकी आरोग्यशाला इटकी, राँची

निविदा सूचना

इटकी आरोग्यशाला के मरीजों के लिए Group A दवा, केमिकल रसायन/उपकरण, Group B विविध सामग्री मशीन उपकरण, Group C विविध सामग्री, लेखन सामग्री, Group D खाद्य सामग्री एवं Group E दूध, फल, हरी सब्जी क्रय हेतु निर्धारण किया जाना है जिसके लिए आपूर्तिकर्ता से संबंधित निविदा दिनांक 15.10.2025 तक निबंधित डाक से टंकित सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री की सूची प्रकाशन की तिथि से छुट्टी के दिनों को छोड़कर किसी भी दिन कार्य अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 17.10.2025 को 12 बजे दिन में क्रय समिति के समक्ष इटकी आरोग्यशाला के कान्फ्रेन्स हॉल इटकी में खोला जाएगा।निविदा की शर्त्ते www.jharkhand.gov.inतथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

अधीक्षक
इटकी आरोग्यशाला इटकी,
राँची

PR 361940 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D



DIRECTORATE OF ANIMAL HUSBANDRY
DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE
(GOVERNMENT OF JHARKHAND)

NOTICE FOR INVITING Re e- TENDER No.- 01/2025-26
FOR
Selection of Insurance Intermediaries to provide Technical & Operational Support and Overseeing effective implementation of Jharkhand Livestock and Poultry Insurance Scheme through Registered Insurance Company under Mukhyamantri Pashudhan Vikash Yojna (MMPVY)

Directorate of Animal Husbandry, Govt. of Jharkhand, Ranchi invites Proposals from eligible IRDAI approved Insurance Intermediaries for implementation of Livestock (Goat, Sheep, Pig) and Poultry Insurance scheme through Scheduled Bank Insurance Company in all districts of Jharkhand. Insurance Intermediary shall do the intermediation & coordination between the department of animal husbandry at the district level, Insurance Co. and beneficiaries for successfully implementation of the scheme.

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and https:// www.jharkhand.gov.in but submit only through **NIC e-tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in**.
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Estimated Contract Value- Approx Rs. 6.5 Crore.
4. Each bidder, will have to deposit Earnest Money **Rs. 13 Lakh (Rupees Thirteen Lakh) online board of any Scheduled Bank** in favor of Director Animal Husbandry, Jharkhand payable at Ranchi.
5. **All uploaded documents should be legible/ readable if not tender may be rejected. Unsigned uploaded with documents will be rejected.**
6. The under mentioned schedule is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website viz & Notice Board at official address Director, Animal Husbandry, Pashupalan Bhawan, Hesag, Hatia, Ranchi, Pin- 834003

| Sl. no | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Scheme will cover Insurance of | A) Small Animal (Goat, Sheep and Pig). B) Poultry. |
| 2. | Eligibility Criteria | Working in Livestock & Poultry insurance field for minimum 03 (Three) years . |
| 3. | Date of Floating of Tender | 15-09-2025 |
| 4. | Download of Tender document will start from | 16-09-2025 |
| 5. | Online submission of bid will start from | 16-09-2025 |
| 6. | Pre Bid Meeting | 19-09-2025 at 01:00 PM |
| 7. | Last date of online bid submission | 06-10-2025 |
| 8. | Date,Time & Place of opening of Technical Bid | 07-10-2025, Animal Husbandry Directorate, Hesag, Ranchi |
| 9. | Date and Time of opening of Financial Bids | To be intimated later on (After Finalization of technical bid) |
| 10. | About EMD | EMD/Bid Security Money by any Scheduled Bank should be submitted Online mode. Its Refundable. |

***For any Query mail ID:** https://www.ahdjharkhand@gmail.com

**Director,**
Directorate of Animal Husbandry,
Jharkhand, Ranchi-834003.

PR 361981 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

# सेन्हा : जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र नौनिहालों के लिए बना खतरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत चुरकु महुवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र वर्षों पुराना और जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। साल 1990 ईस्वी में निर्मित यह आंगनबाड़ी भवन अब नन्हें-मुन्नें नौनिहाल बच्चों के लिए खतरा बन चुका है। ग्रामीण महिला-पुरुष, जैसे राजेश उरांव, करमी देवी, विकास उरांव, डहरु उरांव, संतोष उरांव, शांति देवी, गीता उराइन, अशोक उरांव, सितामुनी उराइन सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे-छात्राएं इस जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कहीं भी दीवारें गिरने का खतरा बना रहता है। चुरकु महुवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका ने बताया कि विभाग को मासिक बैठक में लिखित व मौखिक रूप से बार-बार सूचना देने के बावजूद नवनिर्माण हेतु कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। सेविका ने यह भी कहा कि बच्चे और स्वयं सेविका व सहायिका भी भवन की खराब स्थिति के चलते भयभीत रहते हैं। जल्द से जल्द नया भवन निर्माण की कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो भविष्य में अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# छिपादोहार में सरना स्थल की जमीन बेचे जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर गांव में आदिवासी आस्था का केंद्र सरना स्थल की जमीन को बेच दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है जिस कारण गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने इस बिक्री का जोरदार विरोध करते हुए इसे धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर हमला बताया है। जानकारी के अनुसार, पूर्वजों ने गांव के निवासी स्व. पांडू सिंह को गांव के सरना स्थल की 17 डिसमिल जमीन की देखरेख और खेती करने के उद्देश्य से दान में दी थी। यह जमीन धार्मिक महत्व के उपयोगी के लिए मानी जाती है और गांव में सरना पूजा जैसे पारंपरिक पर्वों का आयोजन इसी स्थान पर किया जाता है। लेकिन हाल ही में स्व. पांडू सिंह के पुत्र करम सिंह ने इस



जमीन को संगम प्रसाद नामक व्यक्ति को बेच दिया। जैसे ही इस बात की जानकारी ग्रामीणों को मिली, उन्होंने गांव में एक आपात बैठक बुलाकर इस निर्णय का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों के दबाव के बाद करम सिंह ने कहा कि वह संगम प्रसाद को कहीं और जमीन देगा, लेकिन संगम प्रसाद सरना स्थल वाली जमीन ही लेने पर अड़ा रहा। इससे नाराज ग्रामीणों ने इस विवाद को लेकर स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज करायी और पूरी जानकारी सीओ को दी। ग्रामीणों ने संगम प्रसाद पर जमीन दलाली का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अक्सर भोले-भाले ग्रामीणों से जमीन सस्ते दामों में लिखवा कर, ऊंचे दामों में आगे बेचने का काम करता है। उनका कहना है कि यह मामला केवल जमीन बिक्री का नहीं, बल्कि समूचे आदिवासी समाज की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है। सरना स्थल आदिवासी समाज के लिए पूजा और सामूहिक आयोजन का पवित्र स्थान होता है। यहां साल में एक बार सरहुल और करम पर्व जैसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं। इस स्थल की जमीन को बेचना न केवल परंपराओं का उल्लंघन है,बल्कि यह आदिवासी संस्कृति पर कुठाराघात है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सरना स्थल की जमीन को सरकारी रूप से संरक्षित स्थल घोषित किया जाये। साथ ही जमीन बिक्री की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और संगम प्रसाद जैसे भूमि दलालों पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई की जाये। यह मामला न सिर्फ एक जमीन विवाद है, बल्कि आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान और अधिकारों की रक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

वही छिपादोहार थाना प्रभारी यकीन अंसारी ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है थाना दिवस के दिन अंचलाधिकारी के सामने फैसला सुनाया जायेगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**कैरो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। मौके पर प्रखंड क्षेत्र में पंडाल बनाकर पूजा अर्चना और अन्य कार्यक्रमो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी कैरो, हनहट और नगजुआ दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा दी गयी। मौके पर आपस मे मिलजुलकर आपसी प्रेम सौहार्द के साथ पर्व त्योहार मनाने और शांतिपर्वक पूजा- अर्चना करने की बात की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने कहा कि पर्व त्योहार के अवसर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमो की रूपरेखा बनाकर प्रखंड और थाना में दें, सभी पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने की जिम्मेवारी पूजा समिति की है। पंडाल के सामने पानी की व्यवस्था होनी चाहिये, वहीं विषर्जन के दिन पूजा समितियों से चार- चार तैराक की सूची बनाकर देने की बात कही। पूजा सुरु होने से विषर्जन दिन तक पूजा पंडाल के इर्द गिर्द मांस मछली की बिक्री बन्द रखें,लोग नशा पान से दूर रहें और शांति पूर्वक त्योहार मनायें। थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी ने कहा पुलिस प्रशासन चौकसी बढ़ा दी गयी है, लोगों को किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नही है अफवाह फैलाने व शरारती तत्वो को बख्शा नही जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, एसआइ संजय कुमार सिंह, मनोज गुप्ता, जीएन गोप, रामाधार राम, सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, गजनी मुखिया सुमन उरांव, नजीर आलम खान, परवीन साहू, मोहन साहू, चरकु सरदार, अवध साहू, मुस्लिम अंसारी, जमाल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, शशि कुमार सिंह, मोजाहिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, कैरो, हनहट और नगजुआ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे।

# बरवाडीह-चिरमिरी रेललाइन जल्द होगा शुरू : सांसद कालीचरण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह ने सोमवार को बरवाडीह पहुंचे। जंहा पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि जल्द बरवाडीह - चिरिमिरी लाइन की सौगात मिलने वाली है, आगे उन्होंने कहा कि बरवाडीह-चिरिमिरी रेल लाइन को लेकर हमारे द्वारा और पलामू के सांसद बीड़ी राम के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को ध्यान आकर्षित कराया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया है। जल्द इसे कैबिनेट में पारित किया जायेगा। अगले साल मार्च तक कार्य प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है। बरवाडीह - चिरिमिरी रेल लाइन चालू हो जाने से महाराष्ट्र की लगभग 400 किलोमीटर की दूरी कम होगी। बता दे कि अंग्रेजी शासन के बाद से बरवाडीह-चिरिमिरी रेलवे लाइन परियोजना का निर्माण कार्य जो आधर में लटका हुआ है, आज तक उसी स्थिति में है। जबकि जगह-जगह पुल पुलिया बनाने रेल लाइन बिछाने आदि का कार्य भी हो चुका था, लेकिन देश आजादी के बाद से सिर्फ-सिर्फ सर्वे का ही अब तक कार्य हुए हैं। सांसद कालीचरण सिंह के इस रेल परियोजना के प्रति गंभीर होने से लोगों में एक उम्मीद जग गयी है। इसके बाद सांसद ने गढ़वाटॉड निवासी युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री हेमंत कुमार रवि के परिवार वालो से मुलाकात की। बता दे कि कुछ दिन पूर्व हेमंत कुमार रवि के पिता का निधन हो गया था। इनकी सूचना पर उनके निवास स्थान जाकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उन्हें इस दुःख के घड़ी में ढांढस बंधाया और उन्हें हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह,जिला सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह,जिला विधुत विभाग सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, बंटी ठाकुर मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, दीपक तिवारी, शतीश यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर हूं : धीरज प्रसाद साहू

**पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू पहुंचे महुआडांड, संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा/ लातेहार।** लातेहार जिला के महुआडांड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान में शामिल होने पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू जहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रवेक्षक सह महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री सुनील केदार, जयशंकर पाठक, मणिका विधायक रामचंद्र सिंह, इस्तेखार अहमद, रविन्द्र राम, अभय मिंज, सकलदीप उरांव उपस्थित थे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों के बीच अहम चर्चा हुई। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी ने जो परिपाटी तैयार की है उससे अंतिम व्यक्ति तक को संगठन के मुखिया बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम सभी पदाधिकारी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से संघर्ष करती आई है और आजादी में भी इसका बहुमूल्य योगदान रहा है। लेकिन दूसरी ओर भाजपा जैसी पार्टी ने आजादी के 50 साल बाद तक देश के लिए नहीं सोचा। आज वह देशवासियों को देशभक्ति का पाठ सीखा रही है। आज वह समय आ गया है जब हम सभी कांग्रेस के सिपाहियों को अपनी एकता का परिचय देते हुए आने वाले लोकसभा के चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करनी होगी। अपने नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। जिससे देश में विकास की गति और भी तेज हो सके। उन्होंने कहा कि में जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर हूं,हर सुख दुख में मै आपके साथ खड़ा हूं।

# हिंदी दिवस पर निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के नेशनल पब्लिक स्कूल कुटमू लोहरदगा में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय के वर्ग 5 से 8 के छात्र छात्राओं के बीच निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता का आयोन हुआ। परियोगिता में शामिल सफल छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यापिका और हिंदी विषय की शिक्षिका शहनाज बानो ने कहा कि हिंदी दिवस के पवन अवसर पर हम लोग एकत्रित हुए है। ये दिन हम लोगों के लिए बहुत खास है। सन् 1949 में हिंदी भाषा को भारत की राज्य भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा ही नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान की आत्मा है। यह वह भाषा है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है। पूरे भारत में चाहे अलग अलग बोलियां बोली जाती है पर हिंदी वह धागा है जो सब को एक सूत्र में पिरोती है। उन्होंने कहा हिंदी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। यह विश्व की सब से प्राचीन और समृद्ध भाषा है। प्यारे बच्चों हमे अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए और इसे दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में तीन सदस्य शिक्षिकाओं शहनाज बानो, मिस गुलनाज और मिस आलिया के द्वारा जांचों उपरांत प्रथम वर्ग सात की छात्रा अफसरा परवीन द्वितीय वर्ग 8 के छात्र अली रजा एवं तृतीय वर्ग 8 के छात्र मुसद्दीक अंसारी को घोषित किया गया। इधर सफल प्रतिभागियों को जूरी मेंबर के द्वारा मेडल देकर प्रोत्साहित किए गये। कार्यक्रम में सदफ, अफसरी, नेहा, फरीन, नीलोफर, साइमा मिस गुलाबी आदि उपस्थित थे।

# पुत्र की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने किया जिउतिया



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ क्षेत्र के सभी गांवों में पुत्र पुत्रियों की लंबी उम्र के लिये माताओं द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का किया गया। जीवित्पुत्रिका व्रत को लोग जितिया के नाम से जानते हैं। प्रखंड़ क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में धूम धाम से मनाया जीवित्पुत्रिका का पर्व गया। जीवित्पुत्रिका पर्व पर व्रती महिला माताएं सुबह से ही दिन भर निर्जला उपवास रख कर पूजा अर्चना की तैयारी की वही शाम को विधिवत गांव के पहान पुजार और महतो के द्वारा पीपल की डाली लाया गया। जिसे लोगों ने अपने घर के आंगन में और अखाड़ा में रख कर फल, फूल, अक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य अर्पण कर भक्ति भाव से जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजा अर्चना किया गया। मुख्य रूप से जीवित्पुत्रिका का व्रत माताओं द्वारा अपने संतानों की लंबी उम्र सुख समृद्धि के लिये किया जाता है। पुराणों के अनुसार कहा जाता है कि कलयुग में संतानों की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि के लिये जीवित्पुत्रिका व्रत सबसे उत्तम व्रत में से एक है। जिसे माताओं द्वारा विधि विधान के साथ अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत करने से संतान को लंबी उम्र और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। जिसे आचार्य और पुरोहितों द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का विधिवत पूजा अर्चना कराने के उपरांत सभी व्रति माताओं को जीवित्पुत्रिका का कथा को श्रवण कराया।

# अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** न्यू पुलिस लाइन परिसर में सोमवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आगजनी जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित, प्रभावी और सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना तथा उन्हें जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन विभाग के प्रभारी मोहम्मद शौकत अली एवं सार्जेंट मेजर शेरु रंजन ने किया। उनके साथ अग्निशमनकर्मी अभिजीत कुमार वर्मा एवं गोपी यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभ्यास के दौरान प्रायोगिक तौर पर गैस सिलेंडर, पेट्रोल में आग लगाकर आपातकालीन स्थिति उत्पन्न की गई और उससे निपटने के उपायों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। अग्निशमनकर्मियों ने कर्मचारियों को आग बुझाने के विभिन्न आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। साथ ही सुरक्षित निकासी और मौके पर उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों को प्रत्यक्ष रूप से चलाकर देखा और उनसे संबंधित तकनीकी सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने माना कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल व्यवहारिक अनुभव मिलता है, बल्कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में बिना घबराए उचित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है। अग्निशमन विभाग के प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने बताया कि मॉक ड्रिल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

# कुडू-कैरो पथ पर आम का पेड़ गिरा

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मॉनसून ट्रफ के असर से हो रही लगातार बारिश के बीच सोमवार तड़के करीब 5 बजे कुडूझकैरो पथ पर सिंजो व दोबा गांव के बीच उमरी के समीप एक विशाल आम का पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सड़क जाम होने के कारण स्कूली बसें भी बीच रास्ते से लौटने को मजबूर हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से लोग प्रशासनिक मदद का इंतजार कर रहे थे, लेकिन सुबह 8 बजे तक कोई भी प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं पहुंचा था। घंटो मेहनत के बाद ग्रामीणों ने पेड़ हटाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी



**गारु (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को विसर्जन के दौरान रूट चार्ट का पालन करने की अपील की गयी। विसर्जन के दौरान अश्लील गाने पर प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही ससमय मूर्ति विसर्जन करने की बात थाना प्रभारी ने कही। पूजा में असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस तैयार है ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। बैठक में दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द एवं उत्साह के साथ मनाने की अपील की गयी। बैठक में मुखिया रुपमनी देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद, तुलसीदास यादव, रंजीत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, शेरा कुमार, पवन कुमार, राजीव प्रसाद, इरफान अंसारी, मोजाहीर अंसारी, विजय सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# छात्रों के हित में सकारात्मक कदम उठाने के लिए जैक अध्यक्ष और सचिव का साधुवाद : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि सोमवार को जैक कार्यालय में अध्यक्ष स्तर पर बैठक कर इनवेलिड रिजल्ट पर नीतिगत फैसला ले लिया गया है। इस बात पर सहमति बन गयी है कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव उच्च विद्यालय रोल चंदवा के 11वीं कक्षा के छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। 130 छात्रों का रिजल्ट इनवैलिड होने के कारण उनका वर्ष खराब नहीं होने दिया जायेगा। प्रतुल ने बताया कि इस संबंध में उनकी जैक के उच्च अधिकारियों से बात हुई जहां से यह जानकारी सामने आयी। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जायेगी और 12वी का फॉर्म भरने से वंचित 130 छात्रों को भी फॉर्म भरने दिया जायेगा। प्रतुल ने इस बड़े कार्य के लिए जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा, सचिव जयंत मिश्रा एवं जैक के तमाम पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य है की भाषा का गलत ऑप्शन भर देने के कारण जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस टू विद्यालय, रोल, चंदवा के 130 छात्रों का परिणाम रोक दिया गया था। यह आदिवासी बहुल इलाका था और इसके अधिकांश छात्र आदिवासी थे। मामले की जानकारी मिलने पर प्रतुल शाहदेव ने इसे मुख्यमंत्री के समक्ष ट्वीट कर उठाया। प्रतुल ने इस विषय पर कल ही जैक अध्यक्ष एवं सचिव से बातचीत कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद जैक कार्यालय में आज इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें छात्रों के हित में नीतिगत फैसला लिया गया।

# चंदवा नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब जर्जर, मरम्मत की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा नगर ग्राम स्थित एकमात्र छठ तालाब की स्थिति जर्जर हो गयी है। छठ पर्व नजदीक होने के कारण ग्रामीणों ने इसकी शीघ्र मरम्मत की मांग की है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज छठ घाट पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उन्हें तालाब की खराब हालत से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब पूरे गांव का एकमात्र छठ घाट है और पर्व से पूर्व इसकी मरम्मत अनिवार्य है। आदर्श रवि राज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी बातों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा और घाट की मरम्मत करवाई जायेगी। इसी क्रम में उन्होंने चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद से मुलाकात की और मामले की जानकारी दी। बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चकला पंचायत की मुखिया को फोन कर घाट को दुरुस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुखिया रंजीता एक्का ने छठ तालाब को दुरुस्त करवाने पर पहल करने की बात कही। छठ घाट में विधायक प्रतिनिधि के साथ कृष्णा कुमार, टिंकू वर्मा, राहुल नायक समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

# विश्वकर्मा पूजा की तैयारियां शुरू, प्रतिमा निर्माण अंतिम चरण में

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** 17 सितंबर 2025 को विश्वकर्मा पूजा पूरे जिले में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जायेगा क्योंकि इसी दिन सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेगा यह दिन भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है, जिन्हें विश्व का पहला इंजीनियर और शिल्पकारों, कारीगरों का संरक्षक माना जाता है। इस उत्सव को लेकर पुरे जिले में तैयारियां जोर शोर से चल रही है। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय मूर्तिकार रमेश राम प्रजापति और प्रदीप प्रजापति, संजय प्रजापति के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का अंतिम रूप देने में दिन-रात मेहनत कर रहे है। मजदूर, कारीगर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और उद्योगपति अपने औजारों और मशीनों की तथा दुकानों की साफ सफाई मे लगे हुए है। यह त्योहार कारखानों, औद्योगिक संयंत्रों और घरों में मनाया जाता है जहां मशीनरी और कार्य-संबंधित उपकरणों का उपयोग होता है। इस पूजा के माध्यम से लोग भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, जिससे उनके काम और कौशल में निखार आता है।

सनातन धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। सनातन धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। वे केवल एक देवता नहीं, बल्कि रचनात्मकता, तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, चारों युगों में विश्वकर्मा जी ने कई नगर और भवनों का निर्माण किया। कलियुग के आरम्भ में हस्तिनापुर और इन्द्रप्रस्थ का निर्माण किया। विश्वकर्मा जी ने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित विशाल मूर्तियों का निर्माण किया। रामायण और अन्य ग्रंथों में वर्णित पुष्पक विमान की रचना भी भगवान विश्वकर्मा ने की थी। भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन चक्र, महादेव शिव लिए त्रिशूल, ब्रह्माजी के लिए ब्रह्मास्त्र, यमराज का कालदंड और पाश, इंद्र के लिए वज्र समेत आदि कई तरह के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था।

# मां अंबे पूजा समिति माहिष्मती महल मंदिर के तर्ज पर बनायेगी पंडाल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के दिशा-निर्देशन में जिले भर में धूमधाम से दुर्गा पूजा आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में माँ अम्बे पूजा समिति न्यू बस स्टैंड रेलवे साइडिंग लोहरदगा में भी भव्य पंडाल निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह समिति सन 1989 से निरंतर पूजा-अर्चना का कार्य कर रही है और वर्तमान में 35 वर्षों का गौरवपूर्ण इतिहास संजोए हुए है। समिति के अध्यक्ष आकाश पटनायक ने बताया कि इस वर्ष पंडाल का निर्माण मध्य प्रदेश के माहिष्मती महल मंदिर के अनुरूप किया जायेगा। यह पंडाल 65 फीट उंचा एवं 85 फीट लंबा होगा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समिति अपने खर्च पर सीसीटीवी कैमरे भी लगायेगी। विशेष आकर्षण के रूप में सप्तमी तिथि को स्थानीय कलाकार बच्चियों द्वारा डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी, जो श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। इस पंडाल में हजारों श्रद्धालु माता रानी का भव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। पंडाल निर्माण, विद्युत सज्जा, प्रतिमा निर्माण एवं पूजा कार्यों पर लगभग 9 लाख का व्यय होने का अनुमान है। प्रतिमा निर्माण में बेड़ो से आए कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों द्वारा बेहतरीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, विजयादशमी के दिन भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। अध्यक्ष ने सभी धर्म-आस्थावानों से आह्वान किया है कि वे प्रसाद ग्रहण कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद पायें। वही सावित्री मोहन पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष आर्यमान गुप्ता ने बताया कि उनकी समिति भी स्वयं के खर्च पर पंडाल निर्माण कर चार वर्षों से पूजा कर रही है।

## मधुपुर के कपड़ा व्यापारी की ट्रेन से कटकर मौत

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत मधुपुर-जोड़ामो रेलखंड के डालमिया कूप के समीप ट्रेन संख्या 13030 डाउन मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन से मधुपुर से आसनसोल जाने के क्रम में सोमवार को कटकर 55 वर्षीय कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई। उसकी पहचान संजय डालमिया के रूप में हुई है। वह मधुपुर थाना क्षेत्र के नीमतल्ला रोड का रहने वाले थे। गांधी चौक स्थित राधेश्याम डालमिया नामक कपड़े दुकान की चलाते थे। इसकी जानकारी पर जीआरपी के सब- इंस्पेक्टर प्रेम टोप्पो एवं आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर रामा शंकर प्रसाद दल बदल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया। वहीं, मधुपुर रेल पुलिस ने मृतक के भाई सुनील डालमिया के लिखित आवेदन पर यूडी का मामला थाना में दर्ज कर जांट शुरू कर दी है ।

# अवैध संबंध के संदेह में की थी पत्नी की हत्या, भेजा गया जेल

## घर से रक्त लगा कपड़ा और तकिया का कवर बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव के नावाडीह टोला में इंदु देवी (40) नामक महिला की हत्या उसी के पति मिथिलेश पाल ने अवैध संबंधों के संदेह में गला दबाकर की थी। पुलिस ने उसे रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसे सोमवार को जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने दी। वे हुसैनाबाद स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थी। उन्होंने बताया कि रविवार को मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव के नावाडीह टोला में इंदु देवी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने की सूचना मिली थी। जिसके सत्यापन के लिए थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ में मृतका के पति मिथिलेश ने बताया कि जहर पीकर उसकी पत्नी इंदु ने आत्महत्या की है। हालांकि मृतिका के पति मिथिलेश की भूमिका पुलिस को संदिग्ध लगी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि उसकी शादी को 10 साल से अधिक हो गये हैं। उसे संदेह है कि उसकी पत्नी का किसी और पुरुष के साथ अवैध संबंध है। जब घर में कोई नहीं था तो इसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हो गया और आवेश में आकर उसने पत्नी इंदु की गला दबाकर हत्या कर दी। उसकी स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस ने घर की तलासी ली तो मृतका का खून लगा कपड़ा और तकिया का कवर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मिथिलेश पाल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकूब आदि मौजूद थे।



पकड़े गये आरोपित की जानकारी देती पलामू एसपी रिष्मा रमेशन।

# मतदान केंद्रों के संयुक्तिकरण को लेकर अधिकारी करें आवश्यक कार्रवाई: डीसी

**मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर बैठक, दिये गये कई निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन (संयुक्तिकरण) को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए डीसी ने कहा कि 1200 से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाते हुए मतदान केंद्रों को सगम एवं सुलभ बनाया जा रहा है। मतदान केंद्रों की दूरी अधिकतम दो किलोमीटर के भीतर होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में दूरी अधिक है, वहां अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने की संभावना पर कार्रवाई की जाए। मतदान भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक मरम्मत या स्थानांतरण पर भी चर्चा। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के लिए आवश्यक पहल करें। इस दौरान बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष, प्रतिनिधि, देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपुर अनुमंडल पदाधिकारी, डीडीसी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के बीडीओ और संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे। मधुपुर विधानसभा अंतर्गत 69, सारठ विधानसभा अंतर्गत 43, देवघर विधानसभा अंतर्गत 112 मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, संशोधन के बाद प्रारूप मतदान केंद्र की सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के लिए आवश्यक कार्रवाई करें और इसकी प्रगति की समीक्षा करें।

## हाइवा और टेंपो की टक्कर में किशोरी की मौत, दो घायल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 139 के बेलौदार मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार हाइवा और टेंपों की हुई भिड़ंत में 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गयी। उसकी पहचान प्रीति रानी के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में टेंपो चालक सहित दो अन्य घायल हो गए। घायलों की पहचान कोलुहाड़ा गांव निवासी प्रमिला देवी (40) और अररुआखुर्द गांव निवासी टेंपो चालक अजीत पासवान (30) के रूप में हुई है। प्रमिला मृतका प्रीति की मां बतायी जा रही है। प्रत्याक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा छतरपुर से हरिहरगंज की ओर तेज गति से जा रही थी। इसी बीच सड़क पार कर रहे एक बकरे को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन को तेजी से दाहिनी ओर मोड़ा, जिससे सामने से आ रही टेंपो से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो में सवार मां-बेटी और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां डॉ अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रमिला देवी और उनकी पुत्री प्रीति रानी की गंभीर हालत को देखते हुए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इलाज के दौरान प्रीति ने दम तोड़ दिया। जबकि चालक अजीत पासवान की स्थिति सामान्य बताई गई है। उधर, घटना के चलते एनएच 139 पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा। इसकी जानकारी मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवागमन को सुचारू कराया।

## चैनपुर नेवरा की जर्जर सड़क अविलंब दुरुस्त करवाया जाये : अरुणा शंकर

**कहा- क्या विभाग, प्रशासन या माननीय 5-10 लाख भी नहीं खर्च कर सकते**





**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर नेवरा रोड की बदतर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए एक बार फिर सवाल खड़ा किया है। कहा कि काफी प्रयास के बाद हमलोगों ने मजबूत रिपेयरिंग का टेंडर राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मिलकर निकलवाया था। टेंडर भी हो गया। सीएस के लिए फाइल रांची में पड़ी है। इस बीच 105 करोड़ रुपये इसी रोड की योजना की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। इससे पूर्व में निकाला गया टेंडर अब निरस्त होने की कगार पर है। अब 105 करोड़ रुपये के टेंडर प्रक्रिया का खेल शुरू होगा। टेंडर निकालने से लेकर फाइनल होने में करीब चार महीने तक का समय लग जाएगा। इस बीच दशहरा, दीपावली और छठ जैसे हिंदुओं के प्रमुख त्योहार है, जो सड़क की बदतर स्थिति से जूझने को मजबूर होंगें। उन्होंने सवाल किया कि क्क्या विभाग, प्रशासन और माननीय इसका अपने स्तर से निदान निकालेंगे। अरूणा शंकर ने कहा कि पुनः प्रशासन से अनुरोध है कि घनी आबादी से शहर में आने जाने वालों के लिए प्रमुख सड़क, जो जर्जर हालत में उसकी तत्काल मरम्मति की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चैनपुर का श्मशान घाट जो जर्जर स्थिति में था वह लगभग बनकर तैयार है। मैं एक-दो दिन में खुद निरीक्षण करूंगी और उसमें जो भी कमी होगा उसे अपने निजी खर्च से पूरा करूंगी। बताया चैनपुर बाजार में डेकोरेटिव लाइट्स लग रहे हैं जो चैनपुर को रोशन करेगा।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू का देवघर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू सोमवार को देवघर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रदेश-जिला कमेटी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में के राजू ने बताया कि वे झारखंड में संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत संथाल परगना दौरे पर आए हैं। कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी, अर्बन लोकल बॉडी और बूथ लेवल एजेंट को मजबूत बनाकर भाजपा की वोट चोरी की साजिशों पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मणिपुर को लेकर तंज कसा। कहा कि जब राज्य जल रहा था तब मोदी जी नहीं गए, जबकि राहुल गांधी ने वहां पहुंचकर लोगों का दुख साझा किया। इसके बाद के राजू एयरपोर्ट से सीधे सरैयाहाट प्रखंड की बैठक में शामिल होने रवाना हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, मलेंद्र राजन और एके खुंटिया आदि मौजूद रहे।

## आरसीआइटी में मनाया गया इंजीनियर्स डे, डॉ इश्वर सागर ने किया नमन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी सभागार में सोमवार को एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस को इंजीयर्स डे के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने एम विश्वेश्वरैया के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉआर के सिन्हा और मंच संचालन इंद्रदेव कुमार ने किया। इस मौके पर प्रो गोविंद सिंह, डॉ केके मिश्रा, डॉ राजू रंजन, अभिषेक कुमार सिंह, शंकर भारती, शशिभूषण, संतोष कुमार, सलोनी कुमारी, असगर अली, नित्यानंद पाल, कनक कुमारी, सुप्रिया कुमारी आदि थे।

## पैक्स अध्यक्ष पर किसानों से यूरिया खाद पर 53.50 रुपये प्रति बोरी अधिक वसूली का आरोप



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पैक्स में किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पैक्स अध्यक्ष विनोद बैठा पर किसानों से यूरिया खाद के लिए निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए की जगह 320 रुपए प्रति बोरी वसूली का आरोप है। भड़गांवा पंचायत क्षेत्र के रहने वाले सुनील सिंह, लालमुनि पासी, धर्मदेव सिंह ने आरोप लगाया कि झरिवा पैक्स पर खाद की अवैध वसूली किसानों से पैक्स अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा हैं। किसानों ने जब इसका विरोध किया तो पैक्स अध्यक्ष ने उन्हें यूरिया खाद ही नहीं दिया। उधर, आरोपों को लेकर पैक्स अध्यक्ष से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिला परिषद की बैठक में मौखिक रूप से सभी पैक्स अध्यक्ष को निर्देश दिया गया था कि सरकार की निर्धारित मूल्य यूरिया खाद का 266.50 रुपए हैं, लेकिन रेक से पैक्स गोदाम तक यूरिया खाद ले जाने में जो खर्च आती हैं उसे देखते हुए किसान से पैक्स अध्यक्ष प्रति बोरी यूरिया खाद पर 320 रुपए ले सकते है। इसी आलोक में किसानो से प्रति बोरी पर 320 रुपया लिया जा रहा है।

## पलामू डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

# बिना उचित कार्यों के एमएमसीएच में मरीजों को रेफर करने से करें परहेज: समीरा एस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू डीसी समीरा एस ने की। इसमें डीसी ने एक-एक कर स्वास्थ्य विभाग के अलग-अलग सूचकांकों की समीक्षा की। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, समय पर आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव एवं होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिया। वहीं, संस्थागत डिलीवरी की समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि पिछले माह की तुलना में इस माह संस्थागत डिलीवरी के आंकड़ो में सुधार हुआ है। जुलाई माह में 79 प्रतिशत था, जबकि अगस्त में यह बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया है। इसपर उन्होंने इसमें और बढ़ोतरी लाते हुए संस्थागत डिलीवरी को शत-प्रतिशत कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी सीएचसी प्रभारी को उनके यहां के निजी अस्पताल में होने वाले डिलीवरी का डाटा शतप्रतिशत संकलन करने पर बल दिया। लगे हाछ गर्भवती महिलाओं का एएनसी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि आमजनों की तरफ से विभिन्न सीएचसी द्वारा सामान्य मामलों को लेकर भी एमएमसीएच रेफर किये जाने की शिकायतें आ रहीं है। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों से बगैर उचित कार्यों के एमएमसीएच में मरीजों को रेफर करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने सभी सीएचसी में ओपीडी को बढ़ाने और रेफरल सिस्टम को कम करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। स्पष्ट रूप से कहा कि रेफरल वाले मामलों पर उसका वैलिड कारण लिखें कि उक्त बीमारी का किन परिस्थितियों में संबंधित सीएचसी में इलाज संभव नहीं है।

### आयुषमान कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश

आयुषमान कार्ड बनाने की समीक्षा में डीसी ने पाया कि जिले में कुल 1907492 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। हालांकि अबतक 883677 लाभुकों का ही कार्ड बन गया है जो 46 प्रतिशत है। उन्होंने कार्ड बनाने में कहां और किस स्तर पर समस्या आ रही है उसके कारणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी को पीवीटीजी क्षेत्रों में लगाए जाने वाले कैम्पों में अधिकाधिक कार्ड बनाने पर बल दिया। बैठक में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपचार पर भी विशेष चर्चा की। इसी तरह एएनसी रजिस्ट्रेशन फैमिली प्लानिंग, जन्म लेने वाले बच्चों के सभी आवश्यक टीकाकरण, इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग स्टेटस, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग-गंभीर बीमारी योजना की समीक्षा की। इस मौके पर डीआरसीएचओ डॉ अवधेश, बीपीएम, बीपीएम, बीएएम, बीडीएम आदि उपस्थित रहे।

## पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गयी पांचवीं पुण्यतिथि



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभुनाथ दुबे की पांचवीं पुण्यतिथि सोमवार को मनायी गयी। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व पंडित शंभूनाथ दुबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इसमें सीओ राकेश तिवारी, सेवानिवृत सीओ संतोष शुक्ला, समाजसेवी नईमुदिन अंसारी, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह आदि ने पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान सभी ने एक-एक कर उनकी जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले स्व पंडित शंभूनाथ दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। जबकि छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनकी बातों के लोगों के साथ साझा किया। इस मौके पर मौजूद सुधीर दुबे, अशोक दुबे, अरविंद दुबे और सोनू दुबे आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

## बीएड में बढ़े हुए पाठ्यक्रम शुल्क को वापस नहीं लिया गया तो होगा आंदोलन : रवि वर्मा



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रवि वर्मा के नेतृत्व में सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कुनुल कंदीर के नाम एएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ टीपी सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। रवि वर्मा ने कहा कि सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है जिसमें संथाल परगना सहित देवघर के एएस कॉलेज में बीएड का पाठ्यक्रम शुल्क 88 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख 30 हजार रुपए कर दिया गया है। यह छात्रहित में न्याय संगत नहीं है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए बीएड की पढ़ाई करना कठिन हो जाएगा। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा देवघर के एएस कॉलेज में जो बीएड पाठ्यक्रम शुल्क में बढ़ोतरी की गई है उसे जल्द से जल्द वापस लिया जाये। ऐसा नहीं करने पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई धरना प्रदर्शन एवं चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सैफ दानिश, नगर अध्यक्ष आदर्श केशरी, एएस कॉलेज अध्यक्ष आशीष कुमार, जिला महासचिव मनीष कुमार, सचिव अभिषेक बरनवाल, अंकित कुमार, नगर उपाध्यक्ष रिशु शर्मा, उपाध्यक्ष सूरज कुमार, अनिरुद्ध कुमार, अबरार आलम और मयंक कुमार आदि मौजूद थे।

## जय वैद्यनाथ तीर्थपुरोहित सनातन सेवा सम्मान से सम्मानित




**देवघर (आजाद सिपाही)।** कुरुक्षेत्र में आयोजित एक भव्य समारोह में सनातन धर्म जागरण के क्षेत्र में अतिविशिष्ट सेवा देने वाले तीर्थपुरोहितों और समाज के प्रणेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा वैद्यनाथ के द्वारपाल जय वैद्यनाथ तीर्थपुरोहित को भी सम्मानित किया गया। नेकी की राह और एकल विद्यालय के सामूहिक तत्वाधान में आयोजित इस सम्मान समारोह में सनातन धर्म जागरण में विशेष कार्य करने वाले सभी तीर्थों से एक-एक तीर्थपुरोहित सहित सभी अखाड़ों और समाज के प्रणेताओं को सम्मानित किया गया। जय वैद्यनाथ तीर्थपुरोहित के अनुज शशि आनंद जी ने कुरुक्षेत्र में इस सम्मान समारोह में भाग लिया और देवघर में सनातन धर्म जागरण के प्रतिनिधि के रूप में यह सम्मान ग्रहण किया। जय वैद्यनाथ तीर्थपुरोहित जी बाबा वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के द्वारपाल हैं और उन्होंने सनातन धर्म जागरण के क्षेत्र में अतिविशिष्ट सेवा दी है। यह सम्मान न केवल जय वैद्यनाथ तीर्थपुरोहित जी के लिए बल्कि पूरे देवघर के लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान सनातन धर्म जागरण के क्षेत्र में उनके योगदान और समर्पण को दर्शाता है।

## मृदा स्वास्थ्य परीक्षण पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर पांकी प्रखंड स्थित पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना पर सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका संचालन बीटीएम शशि रंजन कुमार ने किया। प्रशिक्षण में जेडआरस के तकनीकी सहायक अभिषेक पटेल ने छात्राओं और शिक्षकों को मृदा नमूना संग्रहण की विधि, परीक्षण प्रक्रिया एवं मृदा में पाए जाने वाले आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि स्वस्थ मृदा न केवल कृषि उत्पादन बढ़ाती है, बल्कि सतत विकास की नींव भी है। प्रशिक्षण सत्र में किशोर महतो ने थ्योरी के साथ प्रायोगिक डेमो प्रस्तुत किया। मशीन के माध्यम से मिट्टी का पीएच, ईसी, ओसी आदि सूचकांकों की जांच कर छात्राओं को दिखाया। कहा कि उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। यदि मिट्टी की जांच कर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग किया जाए तो फसल भी बेहतर होगी और मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। वहीं, शशि रंजन ने बताया कि खेत की मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच जरूरी है। इससे स्पष्ट होता है कि किस खेत में कौन-सा पोषक तत्व कम है और किसकी स्थिति सामान्य है। कहा कि विद्यालय स्तर पर मिट्टी जांच प्रयोगशाला स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। ये आधुनिक प्रयोगशालाएं 12 पैरामीटर पर मिट्टी की जांच करने में सक्षम होंगी। इस मौके पर विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

## युवा स्पोर्ट्स संघ ने दिया स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश

**देवघर/कोरियासा (आजाद सिपाही)।** रुक-रुक कर हो रही बारिश से मोहल्ला और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह गड्ढों में हुए जमाव से यहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मच्छरों के पनपने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए कोरियासा युवा स्पोर्ट्स संघ के सदस्यों के साथ मिलकर गड्ढों में मिट्टी भरने का अभियान चलाया। क्लब के अध्यक्ष कृष दुबे ने कहा कि बरसात का जमा पानी मच्छरों के पनपने का मुख्य कारण है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। हम सभी को अपने आसपास सफाई रखने के साथ ही पानी रोकने की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। वहीं, सचिव सुजल कुमार ने कहा कि युवा केवल खेलकूद तक सीमित न रहकर सामाजिक कार्यों में भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। राहुल दुबे ने कहा कि हर युवा को खेल के जरिए समाज में अपनी पहचान बनानी चाहिए। मौके पर सत्यम कुमार, आदित्य आदि मौजूद थे।

## बसिया में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए एनकोर्ड समिति की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सोमवार को अनुमंडल सभागार में मादक पदार्थो के उत्पादन, परिवहन, क्रय विक्रय के रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के क्रियान्वयन हेतु एसडीओ जयवंती देवगम की अध्यक्षता में एनकोर्ड समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की बात कही गयी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ जयवंती देवगम ने कहा कि विशेष तौर पर कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए ट्रिपल लोडिंग या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। एसडीओ ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में बसिया अनुमंडल क्षेत्र के पालकोट बसिया और कामडारा प्रखंड के बीडीओ सीओ थाना प्रभारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, रेफरल अस्पताल बसिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीइइओ, स्कूल कॉलेज के एचएम प्रिंसिपल आदि उपस्थित थे। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में नशा मुक्ति की बात कहते हुए कहा कि समाज में नशे की रोकथाम और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

## दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** दशहरा पर्व को लेकर सोमवार को रायडीह थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे शांतिपुर्ण वातावरण मे पर्व मनाने का निर्णय लिया गया।नवागढ़ पतराटोली शंखमोड़ मांझाटोली टुडुरमा एंव कांसीर मे प्रत्येक वर्ष हर्षोउल्लास के श्री दुर्गा पूजा मनाया जाता है,कलश स्थापना के बाद षष्ठी से पूजा पंड़ालो मे श्रद्धालुओ का आवगमन आरंभ हो जाता है। नवागढ़ पतराटोली शंखमोड़ मांझाटोली मे नेशनल हाइवे 43 के समीप विजय दशमी के दिन पारंपारिक मेला और रात्रि मे रंगारंग सांसकृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस अवसर पर विधि व्यवस्था विजली व्यवस्था पेयजल आदि की व्यवस्था। वही पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर भडकाउ और भ्रामक मेसेज को फार्वड नही करने, अभद्र और भड़काउ गाना नही बजाने की सलाह दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का मैसेज आने पर अविलंब पुलिस प्रसाशन व प्रखण्ड प्रसाशन को देने की बात कहा गया। मौके पर बीडीओ प्रधान हांसदक, हिमांशु कुमार गुप्ता, जगनारायण सिंह, जोगेन्द्र सिंह, श्याम लाल साहु, ब्रजेश लाल, जमाल ताज, हाफिज जहिरूद्दीन राय, कमलेश झा, असरफ राय लालो, एसआइ विनय कुमार साव, एएसआइ अजय मिश्रा, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विराट गढ़इचा के द्वारा खेलाये जा रहे हैं पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को किया गया। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया आदित्य भगत के अलावे अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समापन मैच का उद्घाटन किया। साथ ही विजय टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच आदिवासी टीम हटा टोली बनाम सनम के स्टार भुआल टोली के बीच खेला गया। जिसमें हटा टोली 1-0 से विजयी रही। वह तीसरे स्थान पर धुर्वा रांची, चौथे स्थान पर चांची और पांचवा स्थान रॉकस्टार बर्री रही। आदित्य भगत ने कहा खेल से मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। आयोजक टीम के द्वारा जितिया कर्म के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर त्योहार के माध्यम से ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म दिया जाता है या सराहनीय कार्य है। उन्होंने पढ़ाई से लेकर खेल सहित अन्य कामों में इमानदारी और अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया है।







# गुमला बाजार टांड में फैला कचरे का अंबार, बदबू से लोग परेशान

**लोगों ने नगर परिषद कार्यालय घेराव की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के सिसई रोड स्थित बाजार टांड में गंदगी का अंबार फैला हुआ है। बदबू से लोगों का जीना बेहाल है। सप्ताह में 2 दिन मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है जहां ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी संख्या में व्यापारी बाजार लगाते हैं। लेकिन बाजार समाप्त होने के बाद साफ सफाई को लेकर नगर परिषद किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखाता है, जिसके कारण बाजार में अव्यवस्था और गंदगी का अंबार लगा हुआ है चारों ओर गंदगी से लोग परेशान हैं। हल्की बारिश में बाजार कीचड़मय में हो जाता है लोगों का चलन दुभर हो जाता है। सिसई रोड से इस्लामपुर जाने के लिए बाजार के बीचो बीच सड़क है, लेकिन सड़क की स्थिति दयनीय है जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। वही मीट मछली मुर्गा के अवशेष की सफाई नहीं होने से बदबूदार दुर्गंध लोगों का जीना बेहाल कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने रविवार की अपराह्न 3 बजे बताया कि नगर परिषद बाजार टांड में अवस्थित दुकानों से मासिक किराया भी लेता है। साथ ही बाजार लगाने वाले लोगों से टैक्स वसूली की जाती है। नगर परिषद को लाखों रुपये वसूली में आता है लेकिन सफाई के नाम पर कभी बाजार की सफाई नहीं होती है। स्थानीय लोगों ने आगामी साप्ताहिक बाजार से पहले बाजार टांड की सफाई नहीं होने पर नगर परिषद कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

## गुमला पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा, 11 बाइक और तीन कार बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले भर में पुलिस की बढ़ी सरगर्मी से जुआरी और नशेड़ी काफी परेशान हैं। पुलिस ने रविवार को गुमला जिले के भरनो में जुआरियों के खिलाफ बड़ी करवाई की। जिले के भरनो थाना क्षेत्र के समसेरा गांव के जंगल मे पुलिस की क्यूआरटी टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी की। पुलिस अधीक्षक को इस बात की सूचना लगातार मिल रही थी कि इस क्षेत्र में कई सफेदपोश जुआ खेल में संलिप्त हैं। इसी सूचना के आधार परपुलिस की क्यूआरटी टीम ने उक्त स्थल पर छापमारी की। पुलिस को देखते ही मौके से जुआ खेल रहे दर्जनो लोग वहां से भाग निकले। पुलिस ने मौके से 11 मोटर साइकिल 3 कार व 6 हजार रुपये नगद बरामद किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि समसेरा गांव के समीप अपराधी किस्म के लोगो के द्वारा लाखो रुपये का जुआ खेलाया जा रहा है जिसपर गुमला एसपी के निर्देश पर क्यूआरटी टीम ने छापेमारी की।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट और झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर 2025 को रांची के पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी झारखंड के अलावे गुमला जिला में भी जोरों से की जा रही है। सम्मेलन में जिला अभियान समिति के सदस्य तथा हर पंचायत के प्रतिनिधित्व करने वाले साथियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। विदित हो कि राष्ट्रव्यापी रोजगार और सामाजिक अधिकार अभियान के तहत हो रही सम्मेलन में झारखंड में सर्वमान्य स्थानीय और नियोजन नीति जल्द बनाने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए कम से कम 200 कार्पोरेट घरानों पर समुचित टैक्स लगाने, झारखंड के बैंकों में राज्य के लोगों का जमा पैसे जिसका 50 प्रतिशत पैसे बाहर के राज्यों में हो रही पलायन (पूंजी) को रोकने तथा इस पैसे को रोजगार सृजन में खर्च करने, सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, इत्यादि दर्जनों-दर्जन कंपनी में राज्य के लोगों का मेहनत के जमा पैसे की शुद् समेत सहूलियत ढंग से जल्द भुगतान करने, महिला सुरक्षा, रोजगार, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफी तथा राज्य में माइक्रोफाइनेंस कंपनी द्वारा चलायी जा रही सूदखोरी और महाजनी व्यवस्था को रोकते हुए ब्याज रहित 5 साल तक भरने का समय अवधि देन जैसे राज्यहित के सवालों को लेकर निर्णायक आंदोलन की तैयारी किये जाने पर भावी रणनीति बनायी जायेगी। सम्मेलन में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की नयी दिल्ली के सुरजीत भवन में 7-8 दिसंबर 2025 को होने वाली चौथे राष्ट्रीय महासम्मेलन की सफलता पर भी विस्तार पूर्वक बातचीत की जायेगी।

# इनडोर स्टेडियम के संचालन के लिए समिति का गठन, पदेन अध्यक्ष बने बीडीओ यादव बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल मुख्यालय स्थित इनडोर स्टेडियम के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति का अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए हैं। जिसमे पदेन अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, कार्य कारिणी अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव नंद किशोर प्रसाद, कोषाध्यष दिलबाग कुमार, सहकोषाध्यष निरज शर्मा, सदस्य अमित पांडेय, राजीव रंजन, मुकुन्द कुमार, समीर अमरदीप एक्का, सुधाकर सेतु वही संरक्षक अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर को चुना गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य इनडोर स्टेडियम का सुचारु रूप से संचालन करना और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी 23 सितंबर को अनुमंडलीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में कुल 12 स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त महोदया प्रेरणा दीक्षित उपस्थित रहेंगी। उनकी उपस्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। समिति का मुख्य उद्देश्य इनडोर स्टेडियम का सुचारु रूप से संचालन करना और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। समिति के सदस्य इनडोर स्टेडियम के संचालन के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे और खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेंगे। अनुमंडलीय स्तरीय इनडोर स्टेडियम संचालन हेतु समिति का गठन और अनुमंडलीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर है। मौके पर मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी, प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, जिला परिषद मेरी लकड़ा, प्रमोद खलखो, राजीव रंजन शर्मा, नीरज शर्मा के साथ बैंक प्रबंधक और कमेटी के लोग उपस्थित थे।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने मॉडल परियोजनाओं का किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज की कार्यशाला में बड़े ही उत्साह के साथ अपना सातवाँ अभियंता दिवस मनाया। जिसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, माइनिंग, ऑटोमोबाइल और बीसीए सहित विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने 80 से अधिक प्रभावशाली प्रोजेक्ट मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर, तथा विशिष्ट अतिथि - अपर समाहर्ता शशिन्द्र कुमार बड़ाइक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों ने भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाकर, भारत एक महान सिविल इंजीनियर, एक दूरदर्शी व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिनके अग्रणी कार्यों ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में क्रांति ला दी और भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट मॉडल का उल्लेखनीय प्रदर्शन था। इन परियोजनाओं ने उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और विषयों की गहरी समझ को दर्शाया। आगंतुकों में विभिन्न स्थानीय स्कूलों के शिक्षक और छात्र शामिल थे। वे प्रदर्शित मॉडलों को देखने के लिए उमड़ पड़े और बहुत प्रभावित हुए। कई प्रोजेक्ट मॉडल उद्यमिता व्यवसाय विकास के लिए उपयुक्त पाये गये और सभी परियोजनाएं आज की आधुनिक दुनिया के वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग के आधार पर विकसित की गयी थीं। अतिथियों ने सभी विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. शिबा नारायण साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ला, संचालन प्रबंधक अमित रंजन, सभी विभागाध्यक्ष प्रभारी, शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्तिथ थे।

# बज्म ए रब्बानी और जिज्ञासा फेडरेशन ने सरना टोली में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बज्मे रब्बानी ट्रस्ट और नगर परिषद गुमला द्वारा संचालित जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन ने सोमवार को जिला मुख्यालय सरना टोली आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड संख्या 19, 20, 21 में निशुल्क नशा मुक्ति, टीवी, स्वास्थ्य शिविर जांच का आयोजन किया। जिसमें डॉक्टर केस्टो मंगल बोदरा, एमपीडब्लु राजेन्द्र कुमार एएनएम ज्योति किरण, रंजना सिन्हा सदर अस्पताल गुमला से उपस्थित थे। शिविर में कुल 120-124 महिला और पुरुष का जांच किया गया। शिविर इंचार्ज मोहम्मद हसन अली रब्बानी ने बताया कि यह शिविर नगर परिषद क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में अलग-अलग तारीख को छह दिनों तक आयोजित की गयी। सीओ नगर परिषद बिमला देवी ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में डायबीटीज, ब्लड प्रेशर, बुखार, खासी समेत सभी मरीजों का जांच और दवा निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर जिज्ञासा सिटी लेबल फेडरेशन,सचिव इशरत जहां, बिमला देवी, मंजू पाठक, खुशी जेदिया, ज्योति कुमारी, जोशफीन लकड़ा, बेरोनिका बाड़ा, एलि जावेद तिग्गा और बज्मे रब्बानी ट्रस्ट सेक्रेटरी अमीर रब्बानी, स्टेट सेक्रेटरी शादाब रब्बानी, तहसीन रब्बानी,पप्पू रब्बानी, सफदर हुसैन रब्बानी, आफताब अंजुम समेत कमेटी के कई लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी ने कुहीपाठ में विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने सोमवार को कुहीपाठ पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी, स्कूल, बागवानी, अबुआ आवास, राशन दुकान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय उच्च विद्यालय बरवाटोली में पढ़ रहे विद्यार्थियों को और अधिक ध्यान देने की बात कही। आयुष्मान आरोग्य मंदिर व पंचायत भवन नवनिर्मित का जांच किया और सभी कर्मियों को नियमित रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करने का निर्देश दिया है।




**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,BUILDING DIVISION, KODERMA**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No:- 02/BCD/EE/KODERMA/2025-26 Date:-15-09-2025**

Sealed Quotation are invited for the work **CONSTRUCTION OF MODULAR OT AT CHC CHANDWARA DIST KODERMA** for all materials reputed Shop Keepers/ Manufacturers/ Supplier/ Retailer/ Distributors and Registered BCD Contractor for following item. They should quote their Rate for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All rates should be exclusive of labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan, GST Registration No, GST 3B, last Three Year Income Tax Return and Experience Certificate for supply above work related materials of any Govt. Hospital / Organization
2. Hard Copy must be submitted Brand Name and Product Warranty Mentioned in all items otherwise rejected
3. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
4. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

**Important Date/time for E-quotation**

| | | |
|---|---|---|
| i. | Date of Publication of Quotation on website | 20.09.2025 at 10:00AM |
| ii. | Last date/Time for receipt of Quotation | 26.09.2025 up to 3:00PM |
| iii. | Date & Time of opening of Quotation | 27.09.2025 at 3:00PM |
| iv. | Name & address of office Inviting Quotation | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department,Building Division, Koderma |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 |

**Nodal Officer,e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,Building Division, Koderma**

PR 361986 Building(25-26).D

*Government of Jharkhand*
*DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE*
*(ANIMAL HUSBANDRY DIVISION)*
*Jharkhand, Ranchi.*

**SHORT TERM Re e-TENDER FOR SUPPLY OF LIVESTOCK & POULTRY FEED**
**Short term Re e-Tender No.-02/2025-26**

Online short term Re e-tenders are invited from sole manufacturers or dealer authorized by the manufacturer having minimum 03 (Three) years' experience in manufacturing and marketing for supply of Livestock (Cattle, Buffalo, Pig, Sheep & Goat) & Poultry (Poultry & Duck) Feed eligible to participate in the tender. With this, eligible bidder are invited for supply of Livestock and Poultry Feed to State Government Farms located in different locations of the Jharkhand State under Bid System (Technical- 1 & Financial- 2)

1. After publication of the N.I.T., the desirous bidders may download tender documents along with terms & conditions from the Website. https://www.jharkhandtenders.gov.in and **https://**www.jharkhand.gov.in but submit only through **NIC e-Tender portal https://www.jharkhandtenders.gov.in** with the help of Digital Signature Certificate (DSC).
2. Disclosure of rate other than financial bid will disqualify the bidder.
3. Estimated Contract Value- Approx. **Rs-04 Cr. (Four Crore).**
4. Validity Period – **One Year** from the date of agreement and shall not exceed 02 years.
5. Earnest Money **Rs. 08, 000, 00/- (Rupees Eight Lakhs)** of any Scheduled Bank should be submitted online mode.
6. The under mentioned schedule is fixed; however, the undersigned reserves the right to change the date of activities in case of any exigencies through a notice in the government website viz & Notice Board at official address Director, Animal Husbandry, Pashupalan Bhawan, Hesag, Hatia Ranchi Pin- 834003.
7. All Uploaded documents should be legible (readable) if not, tender may be rejected.

**Important Dates**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Floating of Tender | 15-09-2025 |
| 2 | Download of tender document will start from | 16-09-2025 |
| 3 | Online Submission of bid will start from | 16-09-2025 |
| 4 | Pre Bid Meeting | 18-09-2025 at 01:00PM |
| 5 | Last date of online bid submission | 06-10-2025 |
| 6 | Last date for submission of sample, literature or brochure of product (by hand) | 06-10-2025 |
| 7 | Date of Opening of Technical bid | 07-10-2025 |
| 8 | Date of Opening of Financial bid | To be Declared later |

**Note-All online activities will take place at** the e-tender portal viz. https://www.jharkhandtenders.gov.in.

**Director Animal Husbandry**
**Jharkhand Ranchi**

PR 361975 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

## सावधानी और तत्परता से रोकी जा सकती है अप्रिय घटनाएं : एसडीओ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को सिविल डिफेंस की ओर से आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसे दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा पर्व में बढ़ती भीड़ को देखते हुए आयोजित किया गया। इसमें बोकारो एवं चास शहरी के अलावा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे पूजा के पूजा समिति के सदस्यों एवं पंडाल के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके उद्घाटन के बाद चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा ने कहा कि पूजा आस्था की बात है जिसे हमलोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। लेकिन, आपको पूरी तरह से सावधान एवं तत्पर रहना होगा, जिससे किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो। मौके पर उपस्थित सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा ने भीड़ नियंत्रण करने का उपाय बताया। राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉक्टर निशांत ने सीपीआर देने के तरीकों को प्रायोगिक तौर पर दिखाया तथा बेहोशी की हालत में घायल रोगियों की इलाज करने के प्राथमिक चिकित्सा का प्रदर्शन किया। वहीं, अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने अग्निशामक यंत्रों के संचालन करने के तरीकों को भी समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप मुरारी झा, जय प्रकाश सिंह, आस्तिक धीवर सहित सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## झरिया पीएचसी से चोरी 40 लाख के उपकरण के साथ दो युवक गिरफ्तार



**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उपर कुल्ही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से करीब 40 लाख रुपये मूल्य के चिकित्सीय उपकरण एवं अन्य सामान की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस बाबत झरिया थाने में 12 सितंबर को मामला दर्ज किया गया था। उक्त जानकारी सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने झरिया थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मामले के उद्भेदन और चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए झरिया थाना प्रभारी सह पुलिस उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। जिसने छापामारी कर चोरी हुए अधिकांश सामान को बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जब्त सामानों में सीबीसी मशीन, टू नेट मशीन, बाइनोकुलर माइक्रोस्कोप, बायोमेट्रिक्स मशीन, बीपी मशीन, वजन मशीन, हिमोग्लोबिन मशीन, एलजी कम्पनी का फ्रिज, स्टेथोस्कोप, मेडिकल ट्रे, स्टील बर्तन, टिफिन, लिफ्टर, किडनी ट्रे सहित चिकित्सीय उपकरण शामिल हैं। चोरों ने मरीजों को दिये जाने वाले आहार भी चोरी कर लिये थे। उनकी पहचान मो सोनू उर्फ मुर्तजा और मो शमशाद उर्फ भोन्टा के रूप में हुई है। दोनों शमशेरनगर, ईमामबाड़ा के रहने वाले हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

## मरीजों की चिकित्सा पर होने वाले खर्च में आयेगी कमी : डॉ अंजुला निशी मिंज



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल में अमृत फार्मेसी का सोमवार को शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन सीसीएल के सीएमएस डॉ अंजुला निशी मिंज, ढोरी जीएम रंजय सिन्हा, सीएमओ दरभंगा हाउस डॉ भरत सिंह, अस्पताल के सीएमओ संजय सिंहा आदि ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक सीता राम यूइके ने किया। इस अवसर पर सीएमएस डॉ अंजुला निशी मिंज ने कहा कि इस फार्मेसी से कर्मचारियों-श्रमिकों को समय पर जरूरी दवाएं आसानी से मिल सकेंगी। इससे उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा। साथ ही चिकित्सा पर होने वाला खर्च भी कम होगा। इस नई फार्मेसी से मरीजों को अस्पताल परिसर में ही सभी दवाएं आसानी से मिलेगी। अब तक कई दवाओं के लिए परिजनों को अस्पताल परिसर से बाहर निजी सेंटस जाना पड़ता था। पर अब अमृत फार्मेसी खुलने से सारी उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां कम कीमत पर यहीं उपलब्ध होगी। वहीं, ढोरी जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि अमृत फार्मेसी काउंटर खुल जाने से क्षेत्र के मरीजों को सभी तरह की दवाएं सस्ते दर पर उपलब्ध होंगी। इससे पहले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दुकान यहां संचालित है, जहां सस्ती दर पर जेनेरिक दवायें मरीजों को दी जा रही है। इस मौके पर डॉक्टर श्वेता शरण, सीआइएसएफ एरिया कमांडेंट लक्ष्मी नारायण चौधरी, पीओ एएडीओसीएम राजीव कुमार सिंह, पीओ ढ़ोरी खास रंजीत कुमार, एसओ माइनिंग मनोज कुमार पाठक, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार शाह, एएफएम मो शहीद हुसैन, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, एसओ सेफ्टी आरएन सिंह, सेल अधिकारी आरके गुप्ता, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, सीएमओ डॉ संजय सिन्हा, डॉक्टर आरएन झा, डॉ संतोष कुमार, डॉ सद्दाब अहमद, डॉक्टर अमरिंदर, डॉ रोहित कुमार और डॉक्टर नीतिश कुमार आदि मौजूद थे।

## बीजीएच में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के ब्लड बैंक में सेल, अनुसूचित जनजाति कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डॉ बीबी करुणामय ने किया। इस मौके पर बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी एसीएमओ डॉ सुरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। डॉ करुणामय ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य, थैलेसिमीया, सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना और रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए उनके बीच जागरूकता फैलाना है। यह अत्यन्त सराहनीय कार्य है और लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए, ताकि बोकारो जनरल अस्पताल में आकस्मिक मरीज की रक्त चढ़ाकर जान बचाई जा सके। रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार), नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का, विनिता, लैब तकनीशियन संजय कुमार अंकिता, मोजेज, पंजीकरणकर्ता विभूतिका एंव कौशल कुमार का अंहम योगदान रहा।

# बिहार में बहुमत के साथ बनेगी एनडीए की सरकार : सरयू राय

### कहा- राहुल गांधी गंभीर नेता नहीं, देश को ऐसे व्यक्तित्व पर भरोसा नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने दावा किया कि बिहार में भारी बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने बिहार में जो जो अद्भुत काम किया है उसका उतना प्रचार नहीं हुआ है। आम जनता के लिए जो विकास कार्य हुआ है वहां जाने पर ही दिखाई देता है। बिहार के किसी भी हिस्से से पटना साढ़े चार घंटे में पहुंच सकते हैं। यातायात नियंत्रण से लेकर सड़क बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में सभी



पत्रकारों के सवालों के जवाब देते विधायक सरयू राय।

जगह काम हुआ है। इस दौरान बिहार में राहुल गांधी को आम सभा करने के पूछे गये सवाल पर सरयू राय ने कहा कि राजद की संख्या इतनी अधिक है किसी भी सभा में भीड़ हो जाती है। लेकिन आम जनता में इसका कोई प्रभाव नहीं है। लोग मानते हैं कि वह (राहुल गांधी) गंभीर नेता नहीं है। उन्होंने खड़ा-खड़ा भाषण दिया और फिर मलेशिया चले गए। आइएनडीआइए गठबंधन के लोग संघर्ष कर रहे हैं और वोट चोरी का नारा दे रहे हैं। जबकि राहुल गांधी मलेशिया में मौज-मस्ती कर रहे हैं। विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि राष्ट्रपति का चुनाव हुआ तो प्रोटोकॉल के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को रहना चाहिए, लेकिन वह मलेशिया में है। क्यों और काहे गये सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। देश को ऐसे व्यक्तित्व पर भरोसा नहीं हो सकता है जो हमारा नेतृत्व कर सकता है।

## डकैती की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बीएस सिटी थाना क्षेत्र के टू टैंक गार्डेन के अंदर कुछ अपराधी हरवे-हथियार से लैस होकर डकैती की योजना बना रहे हैं। इसके बाद एसपी ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सिटी डीएसपी ने तुरंत एक छापामारी दल का गठन कर कार्रवाई की और अपराधियों को घेराबंदी करते हुए टू टैंक गार्डेन के अंदर ही दो अपराधियों को रंगेहाथो गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान राजकुमार यादव उर्फ बिक्की उर्फ लोला (20) और कुनाल कुमार (18) के रूप में हुई है। राजकुमार मूल रूप से बिहार के पटना जिले के दुदीबाग



खटाल का, जबकि कुनाल दुदीबाग के दुर्गा स्थान का रहने वाला है। हालांकि इस दौरान अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। पकड़े गये अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा और तीन 315 बोर के जिंदा कारतूस जब्त किया गया। सिटी थाना में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर डीएसपी ने कहा कि त्वरित कार्रवाई से बोकारो शहर में एक बडी घटना को होने से रोका जा सका। कहा कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इस सबंध में बीएस सिटी थाना में भादवि की विभिन्न धाराओं के तरह मामला दर्ज किया गया है। वहीं, छापामारी दल में बीएस सिटी के थाना प्रभारी पुनि सुदामा कुमार दास, सअनि प्रदीप कुमार राम, सअनि रंजित रंजन, सअनि बाल्मिकी राम, आरक्षी नवीन कुमार, आरक्षी पवन गोस्वामी, आरक्षी विजय कुमार सिंह, मदन प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के अलावा राधेश्याम कुमार, योगेन्द्र कुमार रजक और प्रफुल कुमार मंडल आदि शामिल थे।

## लोगों को एकताबद्ध करने में हिंदी की अहम भूमिका: डीडीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)। सेक्टर चार स्थित सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल की ओर से हिंदी दिवस पर डीसी कार्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। इसमें उपस्थित डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने कहा कि हिंदी की पूरे राष्ट्र के लोगों को एकता के सूत्र में जोड़ने में अहम भूमिका है। यह एक सरल भाषा है। लोगों को हिंदी बोलना और लिखना चाहिए। वहीं, प्राचार्य फदर डीनू एम डैनियल ने कहा कि विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की महत्ता से परिचित कराया जा रहा है। उन्हें हिंदी भाषा का ज्ञान दिया जा रहा है। बच्चों को विभिन्न विषयों के अलावा हिंदी भाषा लिखने व पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

## आरएसएस-बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गौवंश से लदे वाहन को पकड़ा, तीन तस्करों के साथ पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** धनबाद जिले के मैथन ओपी क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप सोमवार की सुबह आरएसएस और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गौवंशियों से लदा ट्रक पकड़ लिया। लगे हाथ चालाक सहित दो अन्य सवार लोगों को भी पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पता चला है कि ट्रक पर कुल सात लोग सवार थे, जिसमें से चार भागने में सफल रहे। इस बाबत आरएसएक एवं बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि दुर्भाग्य की बात है कि देश में गौ हत्या पर पूर्णतः रोक लगने के बावजूद प्रतिदिन दर्जनों छोटी-बड़ी गाड़ियों से गौ की तस्करी हो रही है। गौ धन को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के कत्लखानों में पहुंचा दिया जाता है। एक कार्यकर्ता ने बताया कि सोमवार की सुबह निरसा खुदिया फाटक के समीप उसने एक ट्रक से गाय की आवाज सुनी। उक्त ट्रक को पूरी तरह तिरपाल से ढंका गया था। हमने जब उक्त ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो उसमें से सात-आठ लोग उतरे और मेरे साथ मारपीट की। तब मैंने घटना की सूचना अन्य साथियों को दी। जिसके बाद सभी ने मैथन टोल के समीप उक्त ट्रक को पकड़ लिया। पर उसमें से चार व्यक्ति भागने में सफल रहे। बाकि के तीन को पकड़ लिया गया। बतातें चलें कि कुछ सप्ताह पहले ही निरसा में 15 गौवंस सड़क पर मरे एवं घायल अवस्था में मिले थे। प्रशासन ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया था। जबकि धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार का सख्त निर्देश है कि किसी तरह का अवैध कारोबार जिले में चलने नहीं दिया जाएगा। आरएसएस-बजरंगदल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस अवैध धंधे का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ हैं। जहां से प्रतिदिन दर्जनों छोटी-बड़ी वाहनों में ठूस कर गौ वंशों को कत्लखानों में भेजा जा रहा हैं।

### विधायक सह राकोमयू के केंद्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारी के साथ की बैठक

## मजदूर हित और संगठन की मजबूती के लिए मिलकर करें कामः कुमार जयमंगल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** विधायक सह श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में बेरमो कोयलांचल के तीनों क्षेत्र के पदाधिकारी के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन की मजबूती और मजदूरों के हितों-कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक एरिया में महाप्रबंधक के साथ श्रमिक समस्याओं पर चर्चा में भाग लूंगा। उसके पहले रीजनल के अध्यक्ष एवं सचिव हर क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं की सूची तैयार करें। किसी भी स्थिति में निष्क्रिय पदाधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। शाखा एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चित करें। वहीं, सभा पुस्तिका में बैठक की कार्रवाई को सूचीबद्ध करने,



प्रत्येक तीन माह में प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन करने की बात कही। उन्होंने मजदूरों के सुख-दुख में संगठन के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने की बात कही। इसके अलावा 20 सितंबर को कथारा क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, जिसमें रीजनल के अध्यक्ष श्यामल सरकार रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह के उपस्थित रहने की कही। वहीं, रीजनल अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देश के आलोक में संगठन की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रयास किया जाएगा। पूरे सीसीएल के मैन पावर में 50 प्रतिशत से ऊपर यूनियन की सदस्य संख्या को सुनिश्चित करने की भी बात कही। इस मौके पर हरेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, सुबोध सिंह पवार, दिगंबर महतो, विल्सन फ्रांसिस, गणेश मल्लाह, कमलकांत सिंह और सुरेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## जिले के मेधावी छात्रों को डीडीसी ने किया सम्मानित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आइसीएसई, सीबीएसई एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित शैक्षणिक वर्ष 2024-25 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिले के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। राज्य में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने सम्मानित किया। इस दौरान सेंट जेवियर स्कूल बोकारो की छात्रा उमा शर्मा एवं छात्र राज रतन माला, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 04 की छात्रा सुमेधा महेश्वरी, वीके मजदूर इंटर कॉलेज चास के जगन्नाथ सिंह चौधरी आदि को सम्मानित किया गया। वहीं, राज्य स्तरीय परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बोकारो जिले के छात्र-छात्राओं को सम्मानस्वरूप दो लाख रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप-मोबाइल फोन दिया गया। वहीं, राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए एक लाख रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप-मोबाइल फोन दिया गया। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बोकारो के छात्र ने 10वीं की परीक्षा में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। उन्हें डीडीसी द्वारा लैपटॉप एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीडीसी ने कहा कि बोकारो जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा, एपीओ अविनव सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## नकली किन्नरों की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नकली किन्नर बनकर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पंडुकी से किसान चौक तक सड़क पर ट्रक ड्राइवरों के साथ ही राहगीरों को परेशान कर पैसे की अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ सोमवार को धनबाद किन्नर समाज ने ही अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन नकली किन्नरो खदेड़ा गया। इसके अलावा आठ युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया। इस दौरान किन्नर समाज के लोगों ने नकली किन्नरों की जमकर पिटाई भी की। झारखंड किन्नर बोर्ड की धनबाद सदस्य श्वेता किन्नर ने बताया कि कुछ दिनों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि युवक किन्नर का भेष बनाकर जीटी रोड पर लोगों को परेशन कर रहे और गलत तरीके से वसूली कर रहे हैं। इससे किन्नर समाज की बदनामी हो रही थी। इसके बाद इस दिन अभियान चलाकर आठ लोगों को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

## राष्ट्र और भविष्य के निर्माता होते है इंजीनियर : डॉ हरदेव



**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के नागरिकला स्थित सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में सोमवार को अभियंता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ई महेंद्र प्रसाद डॉ प्रभा सक्सेना एवं कल्याणी नायर ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इससे पहले भारत के महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्रेया की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर महेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में भारत के महान इंजीनियर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अभियंता का सम्मान करने एवं उससे प्रेरणा लेने को कहा। वहीं, डॉ हरदेव प्रसाद और डॉ प्रभा सक्सेना ने कहा कि देश के अभियंता नवाचार,समस्या-समाधान, राष्ट्र निर्माण और भविष्य के निर्माता के रूप में कार्य करते है। इसीलिए सभी विधार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए और इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित होना चाहिए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार**

—: आवश्यक सूचना :—

लातेहार थाना काण्ड संख्या 234/2022 दिनांक 18.09.2022 धारा 147/148/149/ 307/353/120(B) भा0द0वि0, 25(1–A)/25(1–AA)/26(2)/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के निम्न लिखित अभियुक्त के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | शिव सिंह उर्फ षिवा उर्फ कईला पे0 सुखलाल सिंह सा0 जेर गोदना, थाना+जिला लातेहार। |
| 2. | रामदेव लोहरा उर्फ साधु उर्फ काका, पे0 चमन लोहरा, उर्फ बालमुकुन्द सा0 बिनगढ़ा थाना+जिला लातेहार। |





POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112
CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091
DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930
AMBULANCE SERVICE-108

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,लातेहार
PR 361963 (Police)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा।**
(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

**नामांकन सूचना**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन SPOT ROUND काउन्सिलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना**

निदेशालय पत्रांक–1302, दिनांक–12.09.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों First Come First Serve Basis पर पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का **दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 तक** SPOT ROUND Online Admission लिया जाएगा।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–
क) ) पलम्बर एवं वेल्डर व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

Time Schedule for SPOT Round of online Couselling & Admission

| Sl. No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| 1 | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | 15.09.2025 | 30.09.2025 |

विभिन्न व्यवसायों में रिक्ट सीट निम्न प्रकार से है:–

| Sl. No. | Institute | Trade | Total Seat | Total Filled Seat | Total Vacant Seat | Vacant SC | Vacant ST | Vacant BC-I | Vacant BC-II | Vacant General | Vacant EWS | Vacant SMQ | Vacant PH |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt ITI LOHARDAGA | Electrician | 40 | 39 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | | Electronics Mechanic | 24 | 22 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | | Fitter | 40 | 38 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | | Machinist | 20 | 12 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 5 | | Mechanic Diesel | 24 | 22 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 6 | | Mechanic Motor Vehicle (MMV) | 24 | 18 | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 7 | | Plumber | 24 | 7 | 17 | 1 | 8 | 0 | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 8 | | Turner | 20 | 15 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 |
| 9 | | Welder | 20 | 6 | 14 | 1 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2 | 1 | 1 |

2. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–638, दिनांक–07.05.2025 एवं पत्रांक–639, दिनांक–07.05.2025 के अनुसार यथावत् रहेगी।

ह0/–
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा।

PR 361929 (Lohardaga) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## प्रधानमंत्री ने बिहार के लिए 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किये

# राजद और कांग्रेस से बिहार के सम्मान-पहचान को खतरा : मोदी

- पूर्णिया एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया
- एक वंदे भारत, तीन अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पूर्णिया।** एयरपोर्ट के उद्घाटन बाद पूर्णिया के एसएसबी ग्राउंड में प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद से बिहार के सम्मान के साथ पहचान को भी खतरा है। ये लोग बिहार की तुलना बीड़ी से करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी करीब 3 घंटे पूर्णिया में रहे। उन्होंने बिहार के लिए 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किये। इस दौरान उन्होंने 1 वंदे भारत और 3 अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी भी दिखायी। सभा में राजद का जिक्र किये बिना पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकाल रही हैं। प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन घुसपैठियों पर ताला लगाना एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। बिना नाम लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो मेरे पहले यहां के चक्कर काटकर गये, उन्हें मखाना का नाम भी नहीं पता होगा। पीएम मोदी मंच तक खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते हुए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी थे।

### सभा में पीएम मोदी की बड़ी बातें

**एसआइआर पर विपक्ष को घेरा:** कांग्रेस और राजद से न सिर्फ बिहार के सम्मान को खतरा है। बिहार की पहचान को भी खतरा है। वोट बैंक का स्वार्थ है कि कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। ये बिहार के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं।

**जंगलराज की याद दिलायी :** कांग्रेस और राजद बीते 2 दशकों से सत्ता से बाहर है। इसमें अहम भूमिका बिहार माताओं-बहनों की है। राजद के राज में हत्या, बलात्कार होते थे। हमारी सरकार में वही महिलाएं लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बन रही हैं।

**परिवारवाद पर निशाना साधा :** कांग्रेस और राजद को सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं। मोदी के लिए आप सब ही मोदी का परिवार हैं, इसलिए मोदी कहता है, सबका साथ-सबका विकास। ये लोग क्या कहते हैं। अपने परिवार का साथ, अपने परिवार का विकास।

**22 सितंबर से जीएसटी एकदम कम हो जायेगी :** इस साल दिवाली और छठ से पहले हमारी सरकार में बड़ा उपहार दिया है। आज से ठीक 7 दिन बाद नवरात्र के पहले दिन 22 सितंबर से देश में जीएसटी एकदम कम हो जायेगी। आपकी रोजमर्रा के जरूरत की चीजों पर जीएसटी कम की गयी है। इससे माताओं बहनों का रसोई का खर्च बहुत कम होने वाला है।

## पीएम मोदी ने कोलकाता में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का किया उद्घाटन

# आपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों की अनुकरणीय भूमिका की सराहना की

- पीएम ने भविष्य के लिए तैयार 'भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047' दस्तावेज का भी किया अनावरण
- तीन दिवसीय सम्मेलन में तीनों सेनाओं के शीर्ष कोर कमांडर्स एक मंच पर सुरक्षा संबंधी मुद्दों एवं तैयारियों पर करेंगे गहन विचार मंथन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में भारतीय सशस्त्र बलों के तीन दिवसीय 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) का उद्घाटन किया। 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के शीर्ष कोर कमांडर्स एक मंच पर एकत्रित होकर सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों, भावी रणनीति व सैन्य तैयारियों पर तीन दिनों तक गहन विचार मंथन करेंगे। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेते हुए आपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की अनुकरणीय भूमिका की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से एक जारी एक संक्षिप्त बयान में बताया गया कि इस मौके पर पीएम ने भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करते हुए 'भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047' दस्तावेज का भी अनावरण किया। पीएम उद्घाटन सत्र में शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ सुबह से करीब साढ़े तीन घंटे से अधिक समय तक पूर्वी कमान मुख्यालय में रहे।

यह सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। बयान में बताया गया कि आपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन में भारतीय सशस्त्र बलों में परिवर्तनकारी सुधारों और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस बार का विषय है 'सुधारों का वर्ष-भविष्य के लिए परिवर्तन'। सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता बढ़ाने सहित कई रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

सम्मेलन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सेना, वायुसेना तथा नौसेना के प्रमुखों सहित शीर्ष सैन्य कमांडर भाग ले रहे हैं। यह संयुक्त सम्मेलन दो साल पर होता है। बतातें चलें कि आखिरी संयुक्त कमांडर सम्मेलन 2023 में भोपाल में हुआ था।

VACCINE HOUSE वैक्सीन हाउस | Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
● अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
● 100% ऑरिजिनल प्रोडक्टस ● 100% कोल्ड चेन मेंटेन्ड स्टोरेज
● प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

रत्न विक्रेता | जय माता दी | रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

Yogendra Mistri : 9199053376 Amin Macanic : 8617878251
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhand

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में प्रस्तावित विधिज्ञ परिषद भवन (Bar Council Building) का
शिलान्यास
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा
दिनांक: 16 सितम्बर 2025
समय: 4:00 बजे अपराह्न
स्थान: कचहरी परिसर, खूंटी
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 362057 (IPRD) 25-26

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**